इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -60 | राजनांदगांव, सोमवार 15 जनवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## 'प्रधानमंत्री आपके आंसू पोंछने, आपसे गले लगने नहीं आए', मणिपुर में गरजे राहुल गांधी



इंफाल। मणिपुर के थौबल से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू हुई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को हरी झंडी दिखाई। यात्रा 67 दिनों में 110 जिलों से होकर 6,700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी।

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि 2004 से मैं राजनीति में हूं, पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक ऐसे प्रदेश में गया, जहां शासन व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी, जिसे हम मणिपुर कहते थे वह मणिपुर रहा ही नहीं, लेकिन प्रधानमंत्री आपके आंसू पोंछने, आपसे गले लगने नहीं आए। राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा हम सुबह 6 बजे शुरू करते थे और शाम 7 बजे तक चलते थे। अंत में हमारा शाम को 20-25 मिनट का एक भाषण होता था, लेकिन 7-8 घंटे हम आपकी बात सुनते थे। यही इस यात्रा का लक्ष्य है, हम आपको अपने मन की बात नहीं बताना चाहते, हम आपकी बात सुनना चाहते हैं, आपके दर्द को समझना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि आपने वह खो दिया है, जिसे आपने महत्व दिया है, लेकिन हम जिसे आपने महत्व दिया है, उसे एक बार फिर से ढूंढेंगे और इसे आपके पास वापस लाएंगे। हम मणिपुर के लोगों के दर्द को समझते हैं। हम आपके नुकसान और भाव को समझते हैं। हम आपसे वादा करते हैं कि हम वह सब वापस लाएंगे, जिसे आपने महत्व दिया है, हम वह सद्भाव, शांति, स्नेह वापस लाएंगे, जिसके लिए यह राज्य हमेशा से जाना जाता है।

### खरगे ने नेहरू का जिक्र किया

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जब पंडित नेहरू पहली बार मणिपुर आए थे, तब उन्होंने इसे भारत का गहना बताया था। यही बात इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी कही थी। यह मणिपुर की वह भूमि है जो आजादी के लिए लड़ी।

### पीएम मोदी पर साधा निशाना

खरगे ने कहा कि पीएम मोदी मणिपुर वोट के लिए आते हैं, लेकिन जब मणिपुर के लोग मुसीबत में है तब वे नहीं आते। वे राम-राम करते हैं। मुंह में राम और बगल में छुरी, यह वे जनता के साथ न करें। वोट के लिए ये सब ढोंगबाजी नहीं करनी चाहिए।

### 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाल चुके राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सात सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली थी। उनकी 136 दिन की इस पदयात्रा में 12 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरते हुए 4,081 किलोमीटर की दूरी तय की गई थी।

## भारतीय सैनिकों की वापसी को लेकर भारत और मालदीव के बीच आधिकारिक वार्ता शुरू : रिपोर्ट



माले। हिंद महासागर के द्वीपीय राष्ट्र मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों की वापसी को लेकर माले और नई दिल्ली ने रविवार को आधिकारिक वार्ता शुरू की. मीडिया की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है.

मालदीव द्वारा भारतीय सैनिकों को हटाये जाने की मांग करने के लगभग दो महीने बाद यह वार्ता शुरू हुई. 'सनऑनलाइन' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यह बातचीत माले स्थित मालदीव के विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में शुरू हुई. राष्ट्रपति के रणनीतिक संचार कार्यालय के मंत्री इब्राहिम खलील ने अखबार को बताया कि यह बैठक उच्च स्तरीय कोर समूह के स्तर की थी. उन्होंने कहा कि दिसंबर में दुबई में आयोजित सीओपी28 सम्मेलन के मौके पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बैठक के दौरान मालदीव और भारत ने इस कोर समूह को गठित करने पर सहमति जतायी थी. रिपोर्ट के मुताबिक, खलील ने कहा कि समूह भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी और मालदीव में भारत समर्थित विकास परियोजनाओं में तेजी लाने पर चर्चा कर रहा है. पिछले साल 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कांग्रेस के कद्दावर नेता मिलिंद देवड़ा का इस्तीफा



मुंबई। कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने रविवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। श्री देवड़ा ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में यह जानकारी दी और कहा, आज मेरी राजनीतिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय का समापन हुआ है। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और इसके साथ ही पार्टी से मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता खत्म हो गया है। वर्षों तक अटूट समर्थन के लिए मैं सभी नेताओं, सहकर्मियों और कार्यकर्ताओं का आभारी हूं। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, मैं मुरली देवड़ा के साथ सालों के अपने जुड़ाव को याद करता हूं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 29 जनवरी को होगा 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम, 2.26 करोड़ से ज्यादा हुए रजिस्ट्रेशन




नई दिल्ली। बोर्ड एग्जाम को लेकर अक्सर बच्चों के भीतर डर और तनाव दोनों होता है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम करते हैं और इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों को शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है।

### कितने छात्रों ने किया रजिस्ट्रेशन

इस बार 29 जनवरी को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सातवां संस्करण होने वाला है। जिसमें शिरकत करने के लिए देशभर से छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दो करोड़ 26 लाख से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया है। बकौल शिक्षा मंत्रालय ने 11 दिसंबर, 2023 से लेकर 12 जनवरी, 2024 तक स्थ्वतश्1 पोर्टल पर एक प्रतियोगिता के माध्यम से 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए थे। बता दें कि इस कार्यक्रम के लिए कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा बारहवीं तक के छात्र शिरकत कर सकते हैं। ऐसे में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। मंत्रालय के मुताबिक, इस साल 4000 से अधिक प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)







### डॉ. रमन ने 'दावा' के रंगीन कैलेण्डर का हर्षोल्लास से किया विमोचन

## छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद नई दिशा देने में 'दावा' का सशक्त योगदान- डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। मकर संक्रांति पर नांदगांव के लोकप्रिय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के शुभ हाथों दैनिक 'दावा' के रंगीन एवं आकर्षक कैलेण्डर का विमोचन हुआ। इस दौरान नगर के प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी दामोदर दास मूंदड़ा, एबीस ग्रुप से अंजुम अल्वी, चेम्बर आफ कामर्स के राजा माखीजा, किसान नेता कोमल सिंह राजपूत, राजेन्द्र जैन बंठू, केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार आदि की उपस्थिति में डॉ. सिंह के हाथों कैलेण्डर विमोचन समारोह हर्षोल्लासपूर्ण बना रहा। डॉ. सिंह ने इस अवसर पर दैनिक 'दावा' के विचार सरिता स्तंभ लेखक डॉ. योगेन्द्र पांडेय की काव्य संग्रह 'ओस की झरती बूंदे' का भी विमोचन किया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के दैनिक दावा कार्यालय आगमन पर दावा के प्रधान संपादक दीपक बुद्धदेव व प्रबंध सम्पादक सूरज बुद्धदेव, शैलेष बुद्धदेव सहित गणमान्यजनों ने भावभीना स्वागत किया और उपस्थितजनों द्वारा डॉ. सिंह का पुष्पमाला से स्वागत किया।

### 'दावा' के स्तंभ लेखक डॉ. योगेन्द्र पांडेय के काव्य-संग्रह 'ओस की झरती बूंदे' भी हुई विमोचित

अपने आत्मीय स्वागत से अभिभूत छ.ग. विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा देकर इसके निर्माण में एक सशक्त पहल संस्कारधानी के लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक 'दावा' ने किया है। डॉ. सिंह ने 11 साल पहले 2013 का वह दिन याद करते हुए कहा कि जब दैनिक 'दावा' के नए भवन का लोकार्पण उनके हाथों हुआ था। उस दौरान भी समाजसेवी दामोदरदास मूंदड़ा जी साथ थे और आज भी कैलेण्डर विमोचन कार्यक्रम के दौरान मेरे साथ है। डॉ. रमन सिंह ने दैनिक दावा के रंगीन व आकर्षक कैलेण्डर के विमोचन के साथ-साथ काव्य-संग्रह के विमोचन पर दावा के स्तंभकार योगेन्द्र कुमार पांडे को बधाई दी और कामना की कि वे इसी प्रकार साहित्य की सेवा में रत रहें। वहीं दैनिक दावा परिवार की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए सभी को मकर संक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री मुंदड़ा ने 'दावा' के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता दावा की पहचान है।

इस दौरान स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए दीपक बुद्धदेव ने कहा कि कैलेण्डर समय का सूचक है। समय निरंतर आगे बढ़ते रहता है। समय की गति के साथ सभी को चलना होगा और प्रगति के पथ पर सकारात्मक सोच के साथ जनकल्याण के कार्य करें। इस दौरान रमेश पटेल, किसुन यदु, रघुवीर वाधवा, आभा तिवारी, एसडीएम अरुण कुमार वर्मा, तहसीलदार सोनित मेरिया, सीएसपी अमित पटेल, टीआई एमन साहू, दिग्विजय कालेज के प्रोफेसर डॉ. शंकर मुनिराय, शिवनाथ समिति के डॉ. डी.सी. जैन, अमलेन्दू हाजरा अधिवक्ता, गजेन्द्र बख्शी, डॉ. महेश मिश्रा, भावेश बैद, आकाश चोपड़ा, गोलू सूर्यवंशी, विशाल ठाकुर, मनीष साहिता, योगेश कोटक, शैलेन्द्र तिवारी, गजेन्द्र राठौर, उपेन्द्र मिश्रा, शैलेष बुद्धदेव, कमलेश बुद्धदेव, रशेष बुद्धदेव, भावेश बुद्धदेव, पुरुषोत्तम गांधी, ऐश्वर्य मिश्रा, दैनिक 'दावा' के वरिष्ठ पत्रकार आत्माराम कोशा 'अमात्य', पत्रकार मनोज राठौर, मनोज चंदेल, अंकित श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में सुधिजन उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्रबंध सम्पादक सूरज बुद्धदेव ने किया।




## ट्रायल रन में बेपटरी हुई कानपुर-प्रयागराज मेमू ट्रेन, दिल्ली-हावड़ा रूट बाधित, कई गाड़ियों के थम गए पहिए



कानपुर। संचालन परीक्षण के तहत लोको शेड से सेंट्रल स्टेशन जा रही मेमू ट्रेन हादसाग्रस्त हो गई। कानपुर लोको केबिन-बी के पास हादसे के बाद ओवरहेड इलेक्ट्रिक यानी ओएचई लाइन बंद करने के दौरान दिल्ली-हावड़ा रूट और सेंट्रल के आसपास मुंबई, लखनऊ व प्रयागराज की ओर आने-जाने वाली 55 ट्रेनें लगभग 30 मिनट तक जहां की तहां खड़ी रहीं। पांच मालगाड़ी भी मुख्य ट्रैक से मालगोदाम के बीच प्रभावित रहीं।

### झटके के साथ उतरे कोच

बिना यात्रियों के संचालन परीक्षण (ट्रायल रन) के तहत फजलगंज स्थित लोको शेड से प्रयागराज जा रही 15 कोच की मेमू ट्रेन के दो कोच रात पौने आठ बजे अचानक झटके के साथ कानपुर लोको केबिन-बी के पास पटरी से उतर गए।

गार्ड ने नीचे उतरकर देखने के बाद चालक को जानकारी दी। थोड़ी देर में एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन के साथ ही सहायक वाणिज्य प्रबंधक कानपुर सेंट्रल संतोष कुमार त्रिपाठी, आरपीएफ व जीआरपी टीम मौके पर पहुंच गई। पौने 11 बजे तक दोनों कोच पटरी पर ले आए गए। एक कोच को काटना भी पड़ा।

### ट्रेन में नहीं था कोई यात्री

ट्रेन में कोई यात्री नहीं होने से सभी ने राहत की सांस ली। इससे पहले राहत कार्य के लिए ओवरहेड इलेक्ट्रिक यानी ओएचई लाइन बंद करने के कारण 25 मिनट तक दिल्ली-हावड़ा रूट, सेंट्रल स्टेशन व आसपास के सभी रेल ट्रैक की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

### 55 ट्रेनें रोकी गई

इससे नेताजी एक्सप्रेस, मनवर संगम एक्सप्रेस, हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, नई दिल्ली स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस, डिब्रूगढ़ राजधानी, नई दिल्ली तेजस राजधानी, पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस, आम्रपाली एक्सप्रेस समेत इन मार्गों पर दौड़ रही 55 ट्रेनों को रोकना पड़ा।

### तेजी से कराया गया राहत कार्य

कंट्रोल रूम से पहले ही सूचना प्रसारित होने के कारण ट्रेन चालकों ने सतर्कता बरती। सहायक वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि ओएचई लाइन बंद करने से कुछ देर प्रभाव पड़ा, लेकिन यात्री ट्रेनों का संचालन सुचारु कर दिया गया। मालगाड़ियों का संचालन भी बहुत प्रभावित नहीं हुआ। राहत कार्य तेजी से कराया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आपके दरवाजे पर आ रही है - डॉ. रमन सिंह

- 0 गांव से लेकर शहरों तक केन्द्र शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले आम जनता
- 0 विधानसभा अध्यक्ष राजनांदगांव शहरी क्षेत्र नया ढाबा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हुए शामिल
- 0 नागरिकों के स्वास्थ्य का किया गया परीक्षण, निःशुल्क दवाईयों का किया गया वितरण



प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित विभिन्न योजनाओं से नागरिक हो रहे लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव शहरी क्षेत्र नया ढाबा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए।

केन्द्र शासन की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं योजनाओं से लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन आज नया ढाबा पहुंची। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र शासन की योजनाओं से आम जनता लाभान्वित हो रही है। हितग्राहियों को शिविर में लाभ मिला है। साथ ही जनसामान्य ने विभिन्न योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है और उसकी प्रक्रिया आरंभ हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश में आस्था के मंदिर के साथ लोकतंत्र का मंदिर बन रहा है। यह हमारा गौरव है कि सनातन धर्म और 140 करोड़ लोगों का सपना 22 जनवरी 2024 को पूरा होगा और अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा आम जनता को मिले।

प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित विभिन्न योजनाएं एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पूरे देश में चल रहा है। गांव से लेकर शहरों तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 15 नवम्बर से प्रारंभ किया गया है। राजनांदगांव में विभिन्न हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान, प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत बैंक खाता, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है। सरकार आपके दरवाजे पर आ रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि विभिन्न विभाग (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन दोपहर स्टेट स्कूल मैदान में शिविर

## मोबाईल वेन एवं विभिन्न शासकीय स्टाल के माध्यम से केन्द्र शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी






राजनांदगांव (दावा)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज दोपहर स्टेट हाई स्कूल मैदान में शिविर आयोजित किया गया, शिविर में संकल्प यात्रा की मोबाईल वेन एवं विभिन्न शासकीय स्टालों के माध्यम से केन्द्र सरकार के योजनाओं की नागरिकों को जानकारी दी गयी। शिविर में शहर के मध्य के वार्डो के नागरिक उपस्थित होकर केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ लेने आवेदन लिया।

शिविर में छ.ग. बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख सहित समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु तथा पार्षद शिव वर्मा, टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, कमलेश बंधे, राजेन्द्र जैन रानू, पूर्व पार्षद शेखर यादव, पार्षद प्रतिनिधि अरूण दामले व राजेश यादव उपस्थित थे। अतिथियों का आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में श्री पारख ने कहा कि देशवासियों को केन्द्र शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जा रहा है। जो योजना के लाभ से वंचित हो गये है, उनसे सीधा संवाद कर उन्हे भी केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गयी है।

संकल्प यात्रा की मोबाईल वेन 13 जनवरी से चार दिनों तक शहर में रहेगी, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में शिविर के माध्यम से केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच कि हर व्यक्ति का विकास हो, जिसके लिये उन्होंने आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, विश्वकर्मा योजना, आवास योजना, स्व निधि योजना जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सीधा लाभ पहुचा रहे है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रधानमंत्री आवास योजना है, जिसके माध्यम से आवासहीन एवं कच्चे आवास में निवास करने वाले परिवार भी सर्वसुविधा युक्त पक्के मकान में निवास कर रहे है। उन्होंने शासन की ऐसे लाभकारी योजनाओं का शिविर में उपस्थित होकर लाभ लने की अपील की है।

### शिविर में विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने वार्डवासियों ने किया आवेदन

शिविर में विभिन्न वार्डो के 1 हजार से अधिक लोग उपस्थित हुये और योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 34 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 194 ने, आधार के लिये 37 ने, उज्जवला योजना के लिये 80 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 58 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 27 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 800 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से 15 लोगों ने किया अनुभव साझा

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत 15 लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। जिसमें प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, महिला समूह को ऋण प्राप्त करने वाली महिलाओं ने अपना अनुभव साझा किया। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 148 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये। अतिथियों ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर बच्चों का अन्नप्राशन किया तथा स्वस्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत भी किया और आयुष्मान कार्ड एवं उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर का वितरण किया। शिविर में मनोहर यादव एवं उनकी टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राही, लाभार्थी, वार्डवासी तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### मोखला में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम मोखला में साधना ग्राम संगठन बिहार एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यकथा व्यास पूज्या दीदी सोनम तिवारी, बेल्दार सिवनी, केशला, खरोरा है एवं परायणकर्ता पंडित गोपेश्वर प्रसाद तिवारी है। भागवत कथा 10 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है कार्यक्रम के तहत 15 जनवरी को बाललीला, गोवर्धन पूजा व रामलीला 16 जनवरी को मुचुकुंद कथा व रुखमणी मंगल विवाह, 17 जनवरी को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा एवं शोभायात्रा, 18 जनवरी को गीता ज्ञान, हवन, सहस्त्र धारा पूर्णहूति, महाप्रसादी के साथ समापन होगा।

### पुलिस ने गुम मोबाइल सौंपा




राजनांदगांव (दावा)। घुमका थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुम हुये मोबाइल की प्राप्ति होने पर पुलिस द्वारा प्रार्थी को सौंपा गया है। घटना के संबंध में प्रार्थी राजेंद्र कुमार कौशिक पिता नोहर सिंह कौशिक निवासी ऊपरवाह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका मोबाइल रियलमी टू कंपनी का है जो गुम हो गई है। जिसकी कीमत 13 हजार रूपये बताया गया था। पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल की मदद से ढूंढकर प्रार्थी में को सुपुर्द किया गया।

### श्रीमती निर्मला बक्शी का निधन



आज होगा दाह संस्कार

राजनांदगांव (दावा)। साहित्य मनीषी पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी परिवार से ताल्लुक रखने वाली भद्र महिला श्रीमती निर्मला बक्शी (83) पति स्व. प्रभाकर बक्शी का बीती रात निधन हो गया। उनका दाह संस्कार आज 15 जनवरी को किया जायेगा। दिवंगत श्रीमती बक्शी ने बड़ी ही सादगी के साथ अपना जीवन चलाया। उन्होंने अपने पीछे दो पुत्रियों श्रीमती शुभदा श्रीवास्तव एवं श्रीमती सुमति श्रीवास्तव तथा नाती-नातीनों का भरापूरा परिवार छोड़ा है। आज 15 जनवरी को निज निवास स्टेशन पारा बालाजी मंदिर के पास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। मृतात्मा की इच्छा के अनुसार उनके निधन को ईश्वर द्वारा रचित संसार की जरूरी यात्रा मानते हुए किसी प्रकार का मृत्युपरांत आयोजन न करने का निवेदन किया गया है। अग्नि संस्कार के उपरांत उनकी अस्थियां भी स्थानीय शिवनाथ नदी में प्रवाहित करने की उनकी अभिलाषा पूर्ण करने का निवेदन किया गया है। उनके देवर तथा नगर के वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश बक्शी ही एक मात्र व्यक्ति थे जो उनके साथ रहते थे।

## लखोली राहुल नगर में डॉ.आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन का महापौर ने किया लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 32 के लखोली राहुल नगर में महापौर निधि अंतर्गत 7.50 लाख रूपये की लागत से डॉ. आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में सामाजिक बुधओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में बाजार विभाग की प्रभारी सदस्य श्रीमती दुलारी बाई साहू, वार्ड पार्षद मनीष साहू, पार्षद गप्पू सोनकर व महेश साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि, सामाजिक बंधुओं की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से अब समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये एक उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि भवन बनने से समाज का विकास नहीं होता वरन एकजूट होकर समाज के लोगों के हित में कार्य करने से, समाज के बच्चों को शिक्षित करने से समाज का विकास होता है। समाज को आवश्यकता अनुसार इसी प्रकार का सहयोग समय समय पर किया जायेगा। कार्यक्रम के पूर्व में समाज के कवल भोईर, मधुकर मेश्राम, सुभाष गजभिये, गणेश गड़पायले, नरेश गजभिये, प्रभा कुटारे, हर्षिता गजभिये, मीना खोब्रागड़े ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने भगवान बुद्ध एवं डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकापर्ण किया। इस अवसर पर बौद्ध उपासक उपासिकायें उपस्थित थे।

## अवैध शराब बिक्री करते महिला सहित पांच आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने रविवार को अवैध शराब बिक्री में संलिप्त एक महिला सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से देशी प्लेन शराब कुल 75 पौवा शराब व बिक्री रकम 870 रूपये जप्त किया गया। इन चार आरोपियों के खिलाफ पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लगातार असामाजिक तत्वों तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के दौरान 14 जनवरी रविवार को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर घटना स्थल नंदू होटल के पास पुराना बस स्टैण्ड में आरोपी सुरेश साहू पिता वासुदेव साहू उम्र (58 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 12 गली नं. 03 गौरी नगर के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 3.600 बल्क लीटर कीमत 1600 रूपये तथा अम्बेडकर मूर्ति के पास भरकापारा में आरोपी शत्रुहन यादव पिता स्व0 विष्णु यादव (36 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 14 गली नं. 02 गौरी नगर के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 3.240 बल्क लीटर कीमत 1440 रूपये, व पुराना बस स्टैण्ड के पास आरोपी विमल बहादुर पिता चिंकी बहादुर (36 वर्ष) निवासी बैगापारा लखोली के कब्जे से 13 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 2.340 बल्क लीटर कीमत 1040 रूपये एवं नगदी रकम 300 रूपये जुमला 1340 रूपये, इसी तरह टांकापारा के पास आरोपी अजय नेताम पिता उत्तम नेताम ( 21 वर्ष) निवासी शीतला मंदिर के पास गौरी नगर के कब्जे से 12 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 2.160 बल्क लीटर कीमती 960 रूपये एवं नगदी बिक्री रकम 360 रूपये जुमला 1320 रूपये व गोल आफिस के पास आरोपियां कु सोनू भोजवानी पिता अशोक भोजवानी (30 वर्ष ) निवासी गोल बाजार के कब्जे से 12 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 2.160 बल्क लीटर कीमत 960 रूपये एवं नगदी बिक्री रकम 210 रूपये जुमला 1170 रूपये जप्त कर पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया। इन पांचों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से पृथक-पृथक कार्यवाही किया गया। वहीं चार आरोपियों के खिलाफ पृथक से धारा 151/107, 116 (3) जा0फौ0 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया वहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आगे भी असमाजिक तत्वों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

## मोतियाबिंद आपरेशन ठीक से नहीं होने से बुजुर्ग ने आंखें खोई

### सही इलाज के लिए दर-दर ठोकरे खा रहा व्यक्ति... कलेक्टर से की फरियाद



राजनांदगांव (दावा)। शहर के चिखली निवासी एक 57 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी एक आंख में कम दिखने की शिकायत मेडिकल कालेज हास्पिटल के डॉक्टर से ईलाज कराकर आफत मोल ली। मेडिकल कालेज हास्पिटल के डॉक्टर ने उसे मेकाहारा हॉस्पिटल मोतियाबिंद का आपरेशन करने भेजकर उससे वहां उसकी आंखें ही छीनवा दी। आज वह बुजुर्ग व्यक्ति अपने उस आंख में कम दिखने बार-बार पानी स्त्राव होने व कंकंड की तरह चुभन से बहुत परेशान है।

अब स्थिति यह है कि उसकी उक्त आंख से नहीं दिखाई देने के कारण वह कोई काम धंधा भी नहीं कर पा रहा है। इससे उसके समक्ष भूखे मरने की नौबत आ गई है। डाक्टरों की लापरवाही से लगभग अंधे हो चुके उक्त पीड़ित व्यक्ति ने कलेक्टर-विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों के समक्ष गुहार भी लगाई है। लेकिन उसकी आवाज ठीक से सुनी नहीं जा रही है। विवश होकर उन्होंने अपनी बुजुर्ग पत्नी व बच्चे के साथ आकर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के समक्ष गुहार लगाई है और उसकी आंख का आपरेशन करने वाले लापरवाह डाक्टरों पर कार्रवाई सहित उनकी आंखों का उचित ढंग से इलाज कर उनकी आंख का उजाला वापिस लौटाए जाने की मांग की है।

### मेकाहारा में हुआ आपरेशन

शहर के चिखली वार्ड निवासी 57 वर्षीय भुवन साहू ने बताया कि उनकी आंख में मोतियाबिंद होने के कारण इसकी जांच कराने 11 दिसम्बर 2023 को मेडिकल कालेज हास्पिटल गया था। वहां डाक्टर ने सलाह दिया कि यहां मोतियाबिंद से संबंधित आवश्यक मशीन उपलब्ध नहीं है, इससे आपका इलाज मेकाहारा रायपुर में होगा और उन्हें यहां से रिफर कर मेकाहारा भेज दिए जाने उपरांत वहां एडमिट कर आई स्पेशलिस्ट डॉ. निधी पांडे व उनके सहयोगी डाक्टरों द्वारा 29 दिसम्बर को आपरेशन किया गया और जब 30 दिसम्बर को पट्टी खोला गया तो उसकी आंखों से दिखना ही बंद हो गया और आज तक नहीं दिख रहा है। पीड़ित भुवन ने बताया कि उसकी आंख से लगातार आंसू आ रहा है। वही कंकड़ चूभने जैसी कसक बनी हुई है। इससे व हमेशा परेशान रहते है।

### आंख में नहीं लगा लैंस

पीड़ित भुवन ने बताया कि जब इसकी शिकायत मेकाहारा के डाक्टरों ने बताया कि उनकी आंख में मोतियाबिंद का आपरेशन कर लेंस नहीं लगाया गया है। जिस मशीन के द्वारा उक्त लैंस लगते है वह मेकाहारा में नहीं है। अतः उसे एम्स में इलाज के लिए भेजने की कोशिश की गई लेकिन उसे भेजने में उन्हें सफलता नहीं मिली। थकहार कर वह राजनांदगांव लौट आया है और उन्होंने कलेक्टर से इस सम्बंध में शिकायत की जाने उपरांत जिला चिकित्सालय के डाक्टरों से चेक कराया गया है। लेकिन उनकी आंख के इलाज के लिए किसी प्रकार सजगता नहीं दिखाई जा रही है। डाक्टरों की लापरवाही के चलते अपनी आंखे खो चुके बुजुर्ग भुवन लाल, नेता-अधिकारी, जनप्रतिनिधियों के समक्ष गुहार लगा रहा है। लेकिन उनकी आवाज कोई सुनने वाला नहीं है। अंत में उन्होंने बेजार होकर आत्महत्या करने की हावी है।

## कायस्थ समाज की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय



राजनांदगांव(दावा)। आज रविवार 14 जनवरी को कायस्थ सभा, कायस्थ समाज राजनादगांव की एक आवश्यक आमसभा संपन्न हुई।

समाज के वरिष्ठ सदस्य आनंद कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि समाज के वरिष्ठ संरक्षकगण कृष्णा श्रीवास्तव (गुरूजी), नंदकुमार श्रीवास्तव, श्रीमती इंदूदेवी श्रीवास्तव, श्रीमती विमला श्रीवास्तव के द्वारा स्थानीय जमातपारा स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में आहूत की गयी। इस सभा में विभिन्न गंभीर विषयों पर चर्चा की जाकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। इस अवसर पर कायस्थ समाज के रोहिणीकांत श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव, आदेश श्रीवास्तव, गणेश श्रीवास्तव, ओम श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, श्रीमती चंद्रकली श्रीवास्तव, श्रीमती निरूपमा श्रीवास्तव, श्रीमती अल्का राकेश श्रीवास्तव, श्रीमती सरला श्रीवास्तव, आनंदकुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
श्री सांई गुरू फिल्म प्राडक्शन कृत
माटी पुत्र
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - शिवा साहू, मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजली चौहान आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
12th Jan to 18th Jan 2024




Merry Christmas - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Captain Miller - 03:15 and 09:15 pm
Hanu-man - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Dunki - 06:15 pm
Salaar - 12:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

## बसंतपुर पुलिस ने चोरी के 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से 1 नग मोटर पंप तथा एक 32 इंच का एलईडी टीवी किया बरामद**

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 04 जनवरी को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के कौरिनभाठा स्थित निवास स्थान पर कोई अज्ञात चोर रात्रि मे इसके घर पर एलईडी टीवी, दुल्लु मोटर पंप व अन्य सामान को चोरी कर लेकर चले गये है।

मामले में प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कमांक 03/24 धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, मामले मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग (भापुसे) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर अज्ञात चोर को पकड़ने हेतु आदेशित किया गया था। विवेचना दौरान संदेही दिलीप लहरे पिता बसंत लहरे उम्र 20 वर्ष निवासी कौरिनभाठा सतनामी पारा वार्ड नम्बर 44 थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव तथा आलोक बंजारे पिता सुरेश बंजारे 19 वर्ष निवासी कौरिनमाठा सतनामी पारा वार्ड नम्बर 44 थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, पूछताछ करने पर दोनो आरोपियों ने दिनांक घटना को जुर्म घटित करना स्वीकार किया, तथा दोनो आरोपीगणों के कब्जे से चोरी किया गया एलईडी टीवी तथा दुल्लू मोटर पंप को आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गया, तथा आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया, जहाँ न्यायालय द्वारा आरोपीगणों को जेल भेजा गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय मिश्रा, उप निरीक्षक भूषण चन्द्राकर, आरक्षक विभाष राजपूत, प्रवीण मेश्राम, कमल किशोर यादव तथा देवेन्द्र पाल का सराहनीय योगदान रहा।

## संबलपुर (सिंघोला) में मंडई मेला आज

राजनांदगॉंव (दावा)। ग्राम संबलपुर (सिंघोला) में 15 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन किया गया है व रात्रि में छत्तीसगढ़ रंगसरोवर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम के इरेन्द्र साहू ने दिया।

## कल से स्टेट हाईस्कूल में 7 ए साइट फुटबॉल प्रतियोगिता



राजनांदगांव (दावा)। मार्निंग इलेवन राजनांदगांव के तत्वावधान में सेवन ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता, श्रद्धांजलि कप स्थानीय स्टेट हाई स्कूल में होने जा रहा है, जो कि स्व. ओमप्रकाश सिन्हा की स्मृति में होगा, जो की 16 जनवरी से 21 जनवरी तक प्रस्तावित है।

संस्था के पदाधिकारी ने जानकारियां देते हुये बताया की यह आयोजन जिलास्तरीय होगा, जिसमें ना केवल राजनांदगांव जिले बल्कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, जिले व साथ ही खैरागढ़- छुईखदान-गंडई, व दुर्ग जिले की भी नामी टीमें शामिल है। इस प्रतियोगिता का पहला इनाम 21000 रू. व दूसरा इनाम 11000 रू. वह तृतीय पुरस्कार 5100 रू. होगा। समिति के सदस्य सोनू वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 24 टीम में ही भाग लेगी तथा साथ ही उन्होंने खेल प्रेमी जनता से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 20240109220001**

**विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व सनः-2023-24**
**कातलवाही प.ह.नं. 00018 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण-आवेदक**
**पक्षकार-मिलनदास,**
**अनावेदक पक्षकार**

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मिलन दास पिता आनंदराम आयु 49 वर्ष जाति सतनामी सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कातलवाही प.ह.नं. 18 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 201 में ख.नं. क्रमशः 121/2, 141,190/2, 211/2, 315, 321/2, 325/1, 526 रकबा क्रमशः 0.651, 0.182, 0.194, 0.316, 0.170, 0.073, 0.121, 0.089 हे. कुल ख.नं. 08 कुल रकबा 1.796 हे. कृषि भूमि मिलनदास पिता आनंदराम जाति सतनामी सा. कातलवाही के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है। मो. 9179318256

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन **दिनांक 22.01.2024** उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **02/01/2024** को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तहसील डोंगरगढ़**

# शहर में जैन दीक्षार्थी सुश्री प्रणिधी पारख की धूमधाम से निकली वर घोड़ा यात्रा





**सर्व जैन समाज की ओर से मुमुक्षु प्रणिधी का किया गया अभिनंदन**

राजनांदगांव(दावा)। आज संयम के पक्ष प चलने जा रही जैन दीक्षार्थी मुमुक्षु बहन सुश्री प्रणिधी पारख का शहर में धूमधाम के साथ बरघोड़ा यात्रा निकाला गया। जिसमें सकल जैन समाज के बड़ी संख्या में नर-नारिया उपस्थित थी। वर घोड़ा यात्रा से गौरव पथ रोड स्थित नए सकता भवन में सकल जैन समाज की ओर से श्री जैन भागवती दीक्षार्थी मुमुक्षु सुश्री प्रणिधी पारख का अभिनंदन समारोह रखा गया था। जिसमें पदमश्री डॉ. पुखराज बाफना, उत्तमचन्द बाफना, मनोज बैद, राजेन्द्र सुराना, अशोक झांझरी, सूरजमल जैन, धरम बोहरा, ज्ञानचन्द बाफना, साधु मार्गी जैन संघ के सम्पत लाल कमलचन्द, रमेश चंद, दिलीप कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में जैन बधुओं, युवक-युवतियां व महिलाओं की उपस्थिति रही। जैन समाज के मनोज बैद ने बताया कि श्रीमती स्नेहा पारख व ललित पारख की सुपुत्री सुश्री प्रणिधी पारख का दीक्षा समारोह 22 जनवरी सोमवार को जावद (मध्यप्रदेश) में आयोजित है। इसके पूर्व युमुक्षु बहना प्रणिधी पारख का सकल जैन समाज की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित कर शहर में धूमधाम के साथ वर घोड़ा यात्रा निकाली गई। वर घोड़ा यात्रा का नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह दीक्षार्थी बहना सुश्री प्रणिधी पारख का हार-फुलों से स्वागत किया गया वही कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदित किया गया।

## आज पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व विधायक श्रीमती बघेल के हाथों होगा दावा के कैलेंडर का विमोचन





डोंगरगढ़ (दावा)। जिले का अग्रणी समाचार पत्र दैनिक दावा के डोंगरगढ़ संस्करण के नववर्ष कैलेंडर का विमोचन राजनांदगांव लोकसभा के पूर्व सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता मधुसूदन यादव एवं डोंगरगढ़ विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल तथा वरिष्ठगणों की उपस्थिति में आज दोपहर 1:30 बजे किया जाना है। कैलेंडर विमोचन का कार्यक्रम मां बमलेश्वरी स्थित छीरपानी परिसर के रोपवे वेटिंग हॉल में होना है। कैलेंडर का प्रकाशन सुधी पाठकों व विज्ञापनदाताओं के सौजन्य से किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख, सुधीजन, दैनिक दावा के पाठकगण व विज्ञापनदाता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। डोंगरगढ़ संवाददाता विलास जाम्बुलकर ने कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# कांग्रेसियों का हिंदू धर्म के विरोध में हमेशा से रुख रहा-अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता एवं मिथिला धाम मंदिर के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने एक बयान में कहा कि बहुत से ज्ञानी कांग्रेसियों के द्वारा श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा पर बहुत सारी ज्ञान की बातें कह रहे हैं। ज्ञात हो कि कांग्रेस के पित्तृ पुरुष पंडित जवाहरलाल नेहरू के द्वारा सरदार पटेल ने जो सोमनाथ मंदिर का पुनरुद्धार किया था उसका भी पुरजोर विरोध किया।

उन्होंने सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को वहां नहीं जाने की सलाह दी थी एवं पूरा प्रयास किया था कि राष्ट्रपति इस मंदिर के उद्घाटन अवसर पर सोमनाथ ना जाएं लेकिन डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने पंडित नेहरू की बात को दरकिनार करते हुए इस कार्यक्रम में शामिल हुए सरदार पटेल के समक्ष पंडित नेहरू हमेशा फेल हुए कांग्रेसियों का हिंदू धर्म के विरोध में हमेशा से रुख रहा है इसलिए हिंदुओं के आराध्य श्री राम भगवान के विरोध में इनका जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। उनके नेताओं की जाति हर चुनाव के समय बदल जाती है कभी ये हिन्दु बन जाते हैं कभी यह मुस्लिम बन जाते हैं कभी यह जीसस के अनुयायी बनते हैं इनका बहुरूपियापन जनता के सामने उजागर हो गया है मैं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान से पूर्णतः सहमत हूं जिसमें उन्होंने कांग्रेसी के डीएनए में हिंदू विरोध शामिल है कहा है। श्री चौधरी ने कहा कि राम के विरोधी दंड आवश्यक पाएंगे जनता सब देख रही है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राम दरबार में भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की



- प्रदेश के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना
- नागरिकों से 22 जनवरी के पहले शहर के सभी मंदिर प्रांगण एवं आस-पास साफ-सफाई करने का किया आग्रह
- मंदिरों में 22 को जलाएं दीप

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज जीई रोड स्थित राम दरबार में भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की और प्रदेश के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष ने जनसामान्य से आग्रह किया है कि 22 जनवरी के दिन अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के आयोजन के पहले शहर के सभी मंदिर प्रांगण एवं आस-पास साफ-सफाई अवश्य करें। उन्होंने कहा कि स्वस्फूर्त होकर नागरिक साफ-सफाई अभियान में भाग ले तथा मंदिर परिसर एवं परिवेश को स्वच्छ बनाएं और मंदिरों में 22 जनवरी को दीप जलाएं। जनसामान्य में अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के लिए उत्साह का माहौल है। जिलेवासी रामोत्सव में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाएं। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अरूण वर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# घुमका पुलिस ने एक वारंटी सहित कुल 4 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। घुमका पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।


आरोपियों के नाम राजा भारती पिता भगवान दास उम्र 30 वर्ष निवासी घुमका थाना। संकेत साहू पिता बृजलाल साहू उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम मोहंदी, रुपेश साहू पिता धन्नू लाल साहू उम्र 26 वर्ष निवासी खैरझिटी सभी घुमका थाना क्षेत्र के है। वहीं वारंटी में प्रकाश बघेल पिता स्व. अगनू बघेल उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम खैरझिटी थाना घुमका का होना बताया गया है।

## मिथिलाधाम गणेश मंदिर में महाआरती....



राजनांदगांव ( दावा )। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व शहर के श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम में महाआरती का आयोजन किया गया।

# गुरु गोविंद सिंह जयंती की खुशी में आज नगर कीर्तन एवं शोभायात्रा



**मुख्य प्रकाश पर्व बुधवार को**

राजनांदगांव (दावा)। धर्म और सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध खालसा पंथ के सृजनहार सरबंशदानी गुरु गोविंद सिंह का आगमन पर्व सम्पूर्ण सिख जगत द्वारा बुधवार 17 जनवरी को अपार हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजनादगांव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा भी समाज तथा अपनी सहयोगी संस्थाओं द्वारा विगत कई दिनों से विविध आयोजन लगातार जारी है।

गत 2 माह से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ तथा 21 दिनों से प्रातः प्रभात फेरियों की श्रृंखला जारी है। बच्चों का क्विज तथा कविता पाठ, सिंह साहेब ज्ञानी मान सिंह अमृतसर का कथा विचार, सफर-ए-शहादत रैली एवं विचार गोष्ठी, ड्राइंग कंपीटीशन तथा रक्तदान शिविर आदि विविध आयोजन किए गए।

इसी तारतम्य में सोमवार 15 जनवरी को गुरुद्वारा साहिब से दोपहर 2.30 बजे श्री गुरुग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा तथा विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। पंज प्यारों की अगुवाई में अरदास उपरांत शोभा यात्रा गुरूघर से आरंभ होगी, भाइयों बहनों तथा बच्चों के कीर्तनी जत्थे कीर्तन तथा गुरबाणी गायन द्वारा आयोजन को सार्थकता प्रदान करेंगे। शोभायात्रा हेतु विशाल वाहन को स्वर्ण मंदिर दरबार साहिब अमृतसर जैसा निर्मित कर विशेष रूप से पुष्प मालाओं तथा गुरबाणी उपदेशों द्वारा सुसज्जित किया गया है। बच्चों के कीर्तनी जत्थे, पुष्प वर्षा करती तोप गाड़ी, विशाल नगाड़ा तथा कोरबा की गतका टीम नगर कीर्तन का मुख्य आकर्षण रहेंगे। नगर कीर्तन मानव मन्दिर चौक, सिनेमा लाइन, गंज लाइन, पुराना बस स्टैंड, जी.ई रोड, भगत सिंह चौक से गुरुनानक चौक होती रात 7 बजे वापिस गुरुद्वारा पहुंचेगी। जहां 1 घंटे के लिए निर्मल सिंह 'नागपुरी' रागी जत्थे का शबद कीर्तन आयोजित है, तत्पश्चात अरदास, सुखासन तथा गुरु का लंगर वितरित होगा।

दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंहजी के प्रकाश पर्व हेतु गुरूद्वारा साहिब को विशेष विद्युत झालरों तथा पूरे रास्ते को स्वागत द्वारों से विशेष रूप से सजाया गया है। साहिब-ए-कमाल के आगमन पर्व हेतु अमृतसर के हजूरी रागी जत्थे भाई निर्मल सिंह 'नागपुरी' को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जो 15 जनवरी से 17 जनवरी को सुबह तथा रात के दीवान में भक्तिमय शबद कीर्तन द्वारा संगत को भाव विभोर करेंगे। इसके साथ ही हजूरी रागी जत्था भाई सुखमनदीप सिंघ तथा ग्रंथिजी ज्ञानी सतपाल सिंह जी भी लगातार शबद कीर्तन द्वारा संगत को भक्ति भावना से जोड़ कर प्रेरित करेंगे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. सुरजीत सिंह भाटिया तथा सचिव स. यशपाल सिंह भाटिया ने समूह संगत भाइयों बहनों से निवेदन किया है कि नगर कीर्तन तथा आगमन पर्व के सभी आयोजनों में उपस्थित होकर, सहयोग कर गुरुघर की खुशियां प्राप्त करे।

# भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अग्रवाल समाज का महत्वपूर्ण योगदान है - डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के 16वें प्रांतीय अधिवेशन एवं अष्टम अग्र अलंकार महोत्सव के द्वितीय दिवस अनंत पैलेस में समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भारत आज विश्व की तीसरी अर्थ व्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है, शीघ्र ही भारत पांच ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी को प्राप्त कर लेगा, इस इकोनॉमी को प्राप्त करने में अग्रवाल समाज की अहम भूमिका है। आज देश में अग्रवाल समाज के कार्यों, चाहे वह समाजसेवा में हो, टैक्स देने में हो, दिन दुखियों की मदद की बात हो, अग्रवाल समाज के लोग भगवान अग्रसेन के आदर्शो के अनुरूप व्यवहार करने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहे है। मैं आज इस समाज के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनें आपको धन्य महसूस कर रहा हूं।

अग्र अलंकरण महोत्सव के प्रचार प्रसार प्रभारी अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह समारोह अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, संसद द्वय संतोष पांडे एवं विजय बघेल, मुख्य प्रायोजक विनोद लोहिया, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू एवं अशोक मोदी, महिला संगठन की प्रांतीय अध्यक्ष गंगा अग्रवाल, युवा संगठन के अध्यक्ष आशीष सेकसरिया, संयोजक नंदकुमार अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने भगवान श्री अग्रसेन की पूजा कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अतिथियों के स्वागत पश्चात महिला मंडल की सदस्यों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

अग्र अलंकरण महोत्सव की संयोजिका डॉ. अनिता अग्रवाल, डॉ. निर्मल अग्रवाल एवं पंकज अग्रवाल के निर्देशन में भगवान अग्रसेन के 18 गोत्रों पर आधारित 18 विशिष्ट विषयों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले 18 प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय चेयरमैन, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, प्रांतीय अध्यक्ष एवं 18 पुरस्कारों के प्रायोजक गणों के हाथो प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं 11000 का चेक प्रदान किया गया ।

समारोह के दौरान 7 वर्षीय रायपुर निवासी वीवान अग्रवाल ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 20 सेकंड में विश्व के 22 झंडों को देखकर उस देश का नाम बताया। ज्ञातव्य है कि वीवान ने एक वर्ष पूर्व लिम्का बुक्स ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम 3 मिनट 52 सेकंड में 190 देश के झंडे को देखकर उसके नाम बात कर दर्ज कराया है। प्रतिभा प्रोत्साहन की दृष्टि से उनकी प्रस्तुति इस सभा में की गई। अतिथियों द्वारा विवान अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को सांसद संतोष पांडे, सांसद विजय बघेल ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूरे प्रदेश के कोने-कोने से लगभग 600 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित हुए। राजनांदगांव अग्रवाल समाज के 300 से अधिक वरिष्ठगण, महिला मंडल की कार्यकर्ता एवम नवयुवक मंडल के सदस्य बाहर से आए हुए अतिथियों के स्वागत सत्कार में लग रहे। संपूर्ण महोत्सव गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सभा का सफल संचालन प्रांतीय चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल एवं अग्र अलंकरण की संयोजिका डॉ. अनिता अग्रवाल ने किया। आभार प्रदर्शन प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने सफलतम एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए राजनांदगांव अग्रवाल सभा, महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल के सदस्यो की भूरी भूरी प्रशंसा की। व्यवस्था में लगे सभी कार्यकर्ताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# आईटीबीपी कैंप राजनांदगांव में तनाव प्रबंधन वर्कशॉप : ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन ने दी टिप्स



राजनांदगांव (दावा)। वरदान भवन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं आई.टी.बी.पी.के सहयोग से इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवानों के लिए दिनांक 13 जनवरी को एक दिवसीय तनाव प्रबंधन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में ब्रह्माकुमारीज आश्रम से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने उपस्थित सभी आई.टी.बी.पी. के जवान भाईयो को संबोधित करते हुए कहा कि तनावमुक्त जीवन जीने के लिए हमे अपने मन की शक्ति को बढ़ाने की जरूरत है। मन की शक्ति को हमे बढ़ने के लिए राजयोग मेडिटेशन का निरंतर अभ्यास करना होगा जिससे हमारी आत्मा में सातों गुण ज्ञान, पवित्रता, शांति, प्रेम, सुख, आनंद, और शक्ति की वृद्धि होगी और हम शक्तिशाली बन जायेंगे। बहन जी ने सभी जवान भाईयों को राजयोग के अभ्यास द्वारा गहन शांति की अनुभूति कराई। इसके पूर्व प्रेरक वक्ता ब्रह्माकुमार झालम भाई ने सभी जवान भाईयों को तनावमुक्त रहने की कला बताते हुए कहा कि हमें सदा सकारात्मक ही सोचना चाहिए। आशावादी दृष्टिकोण रखने से हमारी मन की शक्ति नष्ट होने से बचती है जिससे हम हर परिस्थिति में तनावमुक्त रह सकते है। साथ ही हमे अपनी तुलना कभी किसी से नही करनी चाहिए। हर इंसान अपने में अद्वितीय है परमात्मा ने हर इंसान को कोई न कोई विशेषता जरूर दिया है। जो जीवन में मिला है उसी से खुश रहे और सदा सबके प्रति मन में शुभभावना रखे। सदा देने की भावना रखे इससे हमारा मन सदा प्रफुल्लित रहेगा जिससे हम तनाव से मुक्त रहेंगे। इसी क्रम में विजय कुमार सहायक सेनानी/तनाव परामर्शदाता के द्वारा भी उपस्थित जवानों को बल के मोटो के अनुरूप किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तनाव रहित होकर सदा तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। आई.टी.बी.पी. द्वारा समय समय पर जवानों के लिए तनाव प्रबंधन वर्कशॉप का आयोजन किया जाता है। ताकि जवान कार्यस्थल पर तनाव रहित होकर कार्य कर सकें। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी आश्रम से बी के खेमिन बहन जी भी उपस्थित थी। इस एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन आई.टी.बी.पी. कैंप राजनांदगांव में ओ.पी.यादव उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय बैंगलुरू के निर्देशन में विजय कुमार सहायक सेनानी तनाव परामर्शदाता तथा के.एस.मुरुगन सहायक सेनानी की उपस्थिति में किया गया।

# आज मकर संक्रांति की बिखरेगी छटा मंदिरों में होगी पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं का रहेगा तांता




**मेला-मंडई की रहेगी धूम**

राजनांदगांव (दावा)। आज 15 जनवरी को अंचल भर में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। आज के दिन नदी-सरोवरों में पुण्य स्नान कर याचकों में दान करने की परंपरा है। वहीं मंदिरों में जाकर भगवान का दर्शन कर तिल से बने व्यंजन अर्पित करने व उसे प्रसादी स्वरूप लोगों म बांटने को शुभ माना जाता है। बता दें कि संक्रांति के गमन को अशुभ मानते हुए इस के दूसरे दिन नदी सरोवरों में स्नान किए जाने का विधान है। दान-धर्म के कर्म किए जाते हैं। सूर्य के राशि परिवर्तन के दूसरे दिन को शुभ मानते हुए उल्लास व्यक्त करते हुए पर्व त्यौहार मनाया जाता है।

इस दिन जगह-जगह मंडई-मेले का आयोजन होता है। जहां बड़ी संख्या में मंडई -मेले का आनंद लेने लोग जुटते हैं। चूंकि आज के दिन पानी में तिल डालकर स्नान करने व तिल से बने व्यंजन का सेवन करने व तिल लड्डू का दान करने की मान्यता है इसलिए बाजार में तिल लड्डू सहित तिल गुड़ से बने सामग्रियों की भारी मांग रहेगी।

शहर के ज्योतिषाचार्य पंडित पतंजलि बाजपेई ने बताया कि 14 तारीख की रात्रि 2 बजे के बाद सूर्य धनु राशि से होकर मकर राशि में संक्रांत किया है इसलिए इसे मकर संक्रांति कहा जाता है। संक्रांति के साथ ही एक माह से चले आ रहे खरमास की भी समाप्ति हो गई है। इससे भी लोगों में उल्लास है। वह इसलिए कि खरमास के चलते शुभ एवं मांगलिक कार्यों में विराम लगा हुआ था। मकर संक्रांति के बाद 16 जनवरी से शुभ एवं मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। आज जनवरी फरवरी मार्च माह से लेकर नवंबर माह तक वैवाहिक आयोजन के मुहूर्त होने के कारण शहनाई गूंजनी शुरू हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि 14 की देर रात संक्रांति घोड़े पर सवार होकर दक्षिण दिशा से उत्तर दिशा की ओर आ रहा है। इसका उप-वाहन सिंह है। हरिद्रा लेपन करते हुए कंचुकी धारण किए संक्रांति स्वर्णाभूषणों से लदी वृद्धावस्था में बैठी हुई है। उन्होंने बताया कि संक्रांति के परिवेश से लेकर अन्य लक्षणों का प्रभाव आने वाले दिनों की राजनीतिक व्यापार, मौसम आदि में पड़ता। इसके फलादेश निकाल कर गुणीजन आगे की परिस्थितियों का अनुमान लगाते है, जो काफी सटीक होता है। बहरहाल शहर के मंदिर देवालयों में भगवान के दर्शन पूजा अर्चना सहित नदी-सरोवरों में पवित्र स्नान व याचकों में दान-दक्षिणा के अलावा मेला-मंडई में आंनद मनाने का माहौल बना रहेगा। इससे मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता रहेगा वहीं लोगों को दान पूण्य करते तिल लड्डू का दान करते देखा जा सकेगा। कहीं- कहीं पतंग उड़ाने का भी मजा लिया जाएगा। बताया जाता है कि इस मौसम में पतंग उड़ाने से आंखों की रौशनी बढ़ती है। भगवान श्री राम इस दिन पतंग उड़ाते थे। 'रघुवर बाल पतंग' का उल्लेख रामायण में होने के कारण देश के कई स्थानों में पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है और खुशियां मनाई जाती है।

## अनमोल दावा

“आपके सपने सच होने से पहले आपको सपने देखते होंगे।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी संगठनों पर नकेल कसने की जरूरत

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान का प्रश्रय छिपी बात नहीं है। इसके अनेक प्रमाण न केवल पाकिस्तान को सौंपे जा चुके हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उन्हें रखा गया है। मगर पाकिस्तान के रवैए में जरा भी बदलाव नजर नहीं आता। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय सेना की सख्ती, सतत सघन तलाशी और सीमा पर कड़ी चौकसी से आतंकी घुसपैठ में कमी आई है।

सीमा पार से आने वाले हथियारों और वित्तीय मदद पर रोक लगी है। मगर कुछ इलाकों में वह अपनी पैठ बनाने में कामयाब देखा जा रहा है। इसी का नतीजा है कि कश्मीर के पुंछ और राजौरी इलाके में पिछले दिनों आतंकवादी हमले बढ़े हैं। यह बात सेना दिवस पर भारतीय सेना प्रमुख ने भी स्वीकार की। मगर पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादियों ने जिस तरह अपनी रणनीति बदली है और वे घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला करते देखे जा रहे हैं, वह ज्यादा चिंता की बात है।

उनके हमलों की प्रकृति और उनमें इस्तेमाल हुए हथियारों आदि को देखते हुए स्पष्ट है कि दहशतगर्द सुरक्षाबलों को न केवल चकमा देने में सफल रहे हैं, बल्कि अधिक मारक हथियारों का इस्तेमाल करने लगे हैं। अगर इसके लिए उन्हें पाकिस्तान से मदद मिल पा रही है, तो उस पर लगाम लगाने के क्या उपाय हो सकते हैं, इस पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है।

घाटी में दहशतगर्दों को मदद पहुंचाने वालों पर नकेल कसने की हर कोशिश की गई है। हुर्रियत जैसे अलगाववादी संगठनों के नेताओं को सलाखों के पीछे डाला और उनके संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उनके बैंक खाते बंद कर दिए गए। घाटी में जहां से भी आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद पहुंच सकती है, उन सब पर अंकुश लगाने के प्रयास हुए हैं।

पाकिस्तान के साथ सड़क मार्ग से होने वाली तिजारत लंबे समय से बंद है। इस तरह उधर से आने वाली हथियारों आदि की खेप रुक गई है। इसके बावजूद अगर आतंकवादी न केवल घाटी में सक्रिय हैं, बल्कि थोड़े-थोड़े समय बाद सुरक्षाबलों को चुनौती पेश कर देते हैं, तो स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि उनसे पार पाने की पुख्ता रणनीति क्यों नहीं बनाई जा पा रही।

इस हकीकत से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि अब भी स्थानीय लोगों में दहशतगर्दों को पनाह देने की प्रवृत्ति समाप्त नहीं हुई है। अनेक शैक्षणिक संगठनों और प्रतिष्ठानों में छानबीन के बाद मिले तथ्यों से स्पष्ट है कि स्थानीय युवाओं का आतंकी संगठनों के प्रति आकर्षण कम नहीं हुआ है।आतंकवाद किसी भी देश और समाज की तरक्की के लिए बहुत बड़ी बाधा होता है। निस्संदेह उस पर काबू पाने के लिए सेना की चौकसी अनिवार्य है। मगर यह भी सही है कि केवल सेना के सहारे इस समस्या पर काबू नहीं पाया जा सकता। इसके लिए राजनीतिक प्रयास भी जरूरी हैं। सब जानते हैं कि पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ, भारत में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देते रहे हैं।

वहां का राजनीतिक नेतृत्व भी इसे अपने लिए मुफीद पाता है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक स्तर पर शांति प्रयास लंबे समय से रुके हुए हैं। ऐसे में भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसके खिलाफ दहशतगर्दी के सबूत पेश करता रहा है। मगर चीन जैसे उसके समर्थक देश ऐसे सबूतों को बहुत गंभीरता से नहीं लेते। जरूरत है कि घाटी में स्थानीय लोगों का भरोसा जीता और पाकिस्तान पर दहशतगर्दों को पनाह देने से रोकने का दबाव बनाया जाए।

# एक समुद्री काई जो बन गई है वैज्ञानिकों के लिए चुनौती

वो 1492 का साल था. अटलांटिक महासागर में क्रिस्टोफ़र कोलंबस के समुद्री अभियान के सामने अचानक एक ऐसी मुसीबत आ खड़ी हुई थी जिसकी उन खोजकर्ताओं को अपेक्षा नहीं थी. उनकी नौका के सामने कई मीलों तक घना समुद्री शैवाल फैला हुआ था. नाविकों को चिंता थी कि उनका जहाज़ इसमें फंसकर डूब जाएगा. अब पांच सौ साल बाद लाखों टनों का वही समुद्री शैवाल जिसे सरगैसम कहा जाता है एक बार फिर दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती बनकर आ खड़ा हुआ है.

रिकॉर्ड मात्रा में यह समुद्री शैवाल यानि सगैसम कैरेबियाई द्वीपों और अमेरिका में फ़्लोरिडा के तट पर पहुंच रहा है. इससे वहां के निवासियों के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था को ख़तरा पैदा हो रहा है. सरगैसम के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए बीबीसी ने बात की चौनमिन हू से जो फ़्लोरिडा यूनिवर्सिटी में समुद्र विज्ञान के प्रोफ़ेसर हैं. वो बीस साल से सरगैसम का अध्ययन कर रहे हैं. वो कहते हैं यह शैवाल काई की तरह होता है जो पानी में पलता है. वो कहते हैं, यह ज्यादातर सरगैसो समुद्र में पाया जाता है जो उत्तर अटलांटिक महासागर का हिस्सा है. इस शैवाल पर ही सरगैसो समुद्र का नाम भी पड़ा है. सरगैसम के बीज नहीं होते लेकिन छोटी टहनियां होती हैं जो बढ़ती जाती हैं और धीरे धीरे उनकी चादर बनती जाती है जो समुद्र की सतह पर फैल जाती है. समुद्र की सतह पर तैरने वाले सरगैसम की चादर जब टूटती है तो इसका मलबा बिखर कर समुद्री तट तक पहुंच जाता है. चौनमिन हू कहते हैं कि इस शैवाल के पत्ते काफ़ी बड़े होते हैं जो हल्के पीले या भूरे रंग के होते हैं. मगर वो सरगैसम का अध्ययन कैसे करते हैं?चौनमिन हू ने बताया, च्सरगैसम का रंग समुद्र के पानी के रंग से बिल्कुल अलग होता है. और अतंरिक्ष में पृथ्वी के गिर्द चक्कर लगाने वाले सैटेलाइट के ज़रिए हम पूरे अटलांटिक महासागर पर नज़र रखते हैं. हर दिन अटलांटिक महासागर की तस्वीरें ली जाती हैं जिससे हम वहां मौजूद सरगैसम पर नज़र रख सकते हैं. अगर वहां सरगैसम बहुत छोटी मात्रा में हो तब भी उसका पता लग जाता है. हम टेक्नोलॉजी के ज़रिए पता लगा सकते हैं कि किस जगह पर कितना सरगैसम मौजूद है.



यह डाटा इकठ्ठा करके हम इसका प्रति माह औसत निकाल लेते हैं.2011 में सरगैसम की मात्रा में भारी वृद्धि देखी गई जिसे ग्रेट सरगैसम ब्लूम कहा गया. चौनमिन हू ने कहा, हमने पाया कि पश्चिमी अफ़्रीका से मैक्सिको तक सरगैसम की पट्टी फैलती है. 2011 से हर साल गर्मी के मौसम में यह हो रहा है. या तो सरगैसम की यह पट्टी अखंड होती है या कुछ जगहों पर सरगैसम के विशाल चादर के टुकड़े बनते दिखते हैं. यह नई बात है क्योंकि इससे पहले सरगैसम केवल सरगैसो समुद्र में पाया जाता था. अब वो अटलांटिक के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में पाया जाने लगा है। 2011 के बाद से सरगैसम शैवाल नई जगहों पर क्यों पनपने लगा है, इसका पता अभी नहीं लग पाया है. चौनमिन हू के अनुसार इसकी एक वजह यह है कि 2010 के दौरान मौसम में कुछ बदलाव आए थे. पश्चिम से पूर्व की ओर तेज़ हवा और समुद्री जल का तेज़ करंट बह रहा था. इस तेज़ हवा और पानी के तेज़ बहाव ने सरगैसो समुद्र के सरगैसम को अटलांटिक के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र की ओर ठेल दिया और 2011 में इस शैवाल को पर्याप्त मात्र में सूरज की गर्मी और पोषण मिला जिससे वो तेज़ी से फलफूलने लगा. संभवत~ यह एक वजह हो सकती है. चौनमिन हू और उनकी टीम ने सरगैसम के अध्ययन में पाया कि उसमें आर्सिनिक धातु के अंश मौजूद थे. चौनमिन हू ने बताया, हमारे पास सरगैसम के पर्याप्त सैंपल नहीं हैं जिसके आधार पर निश्चित तौर पर कुछ कहा जा सके लेकिन तट के नज़दीक सरगैसम में प्रदूषण के अधिक तत्व थे जबकि बीच समुद्र में वो कुछ कम थे. मगर कई जगह सरगैसम में आर्सिनिक की मात्रा सुरक्षित स्तर से अधिक थी. पिछले पांच सालों में सरगैसम की मात्रा पहले से कहीं अधिक रही है. अगले साल यह और बढ़ेगी या नहीं कहना मुश्किल है. लेकिन अनुमान है कि आने वाले पांच या दस सालों में इसमें वृद्धि होगी. दी सरगैसो सी कमीशन के कार्यकारी सचिव डेविड फ़्रीस्टोन का मानना है कि सरगैसम समुद्री जैव विविधता के लिए बेहद फ़ायदेमंद है. सरगैसो सागर कहां स्थित है? यह अटलांटिक में बरमूडा द्वीपों के गिर्द फैला हुआ है. लोग समझते हैं कि बरमूडा कैरेबियाई द्वीप समूह का हिस्सा है, मगर वह दरअसल अमेरिका के नॉर्थ कैरोलाइना के स्तर पर उत्तर में स्थित है. हम इसे बिना सीमा वाला सागरज् भी कहते हैं. बरमूडा के इर्द गिर्द पानी लगभग चार हज़ार मीटर गहरा है. अब चूंकि सरगैसो शैवाल पानी की सतह पर तैरते हैं तो उसके नीचे कई किस्म कि छोटी बड़ी मछलियां रहती हैं, कछुए और अन्य समुद्री जीव पलते हैं. सरगैसो के समुद्री कछुए लुप्तप्राय करार दिए जा चुके हैं. वह सरगैसो की वजह से बचे हुए हैं. यह पूरा तंत्र सरगैसम के कारण फलता फूलता है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 38 : संतान की दुष्टता को बढ़ावा देने से बन जाते हैं मारीच

डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय



विश्वामित्र जी ने आगे कहा, ''इस वन क्षेत्र को ताड़का ने उजाड़ रखा है और उसके भय के कारण यहां मनुष्य तो आते ही नहीं हैं, इस वन के पशु-पक्षी भी आतंकित रहते हैं। यहां तक कि शुक और कोयल जैसे पक्षियों के स्वर में जो तीक्ष्णता तुम लोग देख रहे हो, उसका कारण भी ताड़का का ही प्रभाव है।'' गुरु विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को राक्षसी ताड़का के बारे में जानकारी दी। ताड़का मूलरुप से यक्षिणी है। वह सुकेतु नाम के यक्ष की पुत्री है। सुन्द से विवाह और मारीच जैसे कुबुद्धिपुत्र को जन्म देने के बाद ताड़का की राक्षसीवृत्ति बढ़ती गई है। मारीच अपनी बाल्यावस्था से ही ऋषि मुनियों को कष्ट देने लगा था। वह अगस्त्य ऋषि के शाप से राक्षस हो गया। सुबाहु भी ताड़का का पुत्र है। सुन्द ने वन क्षेत्र में महर्षि अगस्त्य के आश्रम पर आक्रमण किया और उनके यज्ञ तथा तप में विघ्न डालने का प्रयास किया। महर्षि के शाप से वह मारा गया। ताड़का ने अपने पति की मृत्यु का बदला लेने के लिए महर्षि अगस्त्य पर आक्रमण किया और महर्षि ने उसे राक्षसी बन जाने का श्राप दे दिया। अब मारीच और सुबाहु दोनों अपनी माता ताड़का का अनुसरण करते हुए ऋषि मुनियों के यज्ञ को बाधित करते हैं। राम एक क्षण के लिए सोच में पड़ गए। ऋषि अगस्त्य ने ताड़का को संभवतः उसके स्त्री होने के कारण स्वयं नहीं मारा। अब यह मेरे लिए भी तो किंचित धर्म संकट की स्थिति है।

''क्या सोच रहे हो राम?'' महर्षि विश्वामित्र ने पूछा।

''अपने पुत्र मारीच की दुष्टता का संरक्षण करने के कारण ताड़का की यह गति हुई है। अपने पति की मृत्यु के कारण उसमें ऋषि मुनियों को लेकर प्रतिशोध की भी भावना है। यह एक विडंबना है कि मुझे एक स्त्री पर प्रहार करना होगा।'' राम ने गुरु के सामने अपने मन की बातें प्रकट कीं।



''ताड़का का यह प्रतिशोध केवल अगस्त्य ऋषि और अन्य ऋषि- मुनियों तक ही सीमित नहीं है। इस पूरे क्षेत्र में अब साधारण मनुष्य भी सुरक्षित नहीं है और जहां वह किसी मनुष्य को देखती है, उसका वध कर देती है। ताड़का ने इस सुंदर वन क्षेत्र को ग्रहण लगा रखा है। अब तो यह पूरा क्षेत्र विषैला हो गया है। अपराधी अगर अनेक निरपराध लोगों की हत्या करे, तो उसमें यह नहीं देखा जाएगा कि वह स्त्री है और उसे दंडित न किया जाए।'' गुरु विश्वामित्र ने कहा।

लक्ष्मण जी ने कहा, ''समझ गए गुरुदेव! ताड़का की कुचेष्टा पकृति से भी खिलवाड़ है। अब यह समूचा वन क्षेत्र असुरक्षित है। उसने ऋषि मुनियों और अन्य प्रजाजन के जीवन को संकट में डाल दिया है। अब उसे दंड देने के सिवाय और कोई उपाय शेष नहीं है।''

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्रीराम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## कविता

### धान के नईये मान

मशीन म लुवा-मिंजा के
धुर्रा माटी म गजावत हे।
रास दाब तो दिखे नही,
चीला कोन चघावत हे।
चिरचिरा अऊ मोखला कांटा, दिनों दिन नंदावत हे।
घर म नई आवे धान ह, बहिरे बहिर बेचावत हे।
अपन करम ल कोन बताही, बिगड़े हावे चाल,
आईस कातिक फुलिस गाल, सावन भादो उही हाल।।
दंवरी, बेलन, गाड़ा के मिंजई, चिल्हा के दे हांकई।
संझावती बेरा गुड़ के चाय,
धर के लावय डोकरी दाई।
तेकर पाछु बहुरिया आवय
फूल बत्ती अऊ दिया जलावय।
करिया भूत के घेरा मारके,
भईया रांस सजावय।
ये बुता ल कोई नई करय,
कहिथे जी जंजाल,
आईस कातिक फुलिस गाल, सावन भादो उही हाल।।
पहिली होवय ठोमा-खोंची,
अब तो ऊना-दूना होवत हे।
कतको देवत हे मालिक ह,
तब ले किसान मन रोवत हे।
अन्नदाता किसान मन ल, कहिथे भुईया के भगवान।
अन्नपूर्णा माता के काबर नई
करत हे एमन सन्मान।
सबले बड़का संतोष धन, नही
ते सदा कंगाल,
आईस कातिक फुलिस गाल,
सावन भादो उही हाल।।



आनंदराम सार्वा
कु.बो. भाठागांव

## कविता

### तोला आना परही राम

एक घाँव अउ ये दुनिया में,
आजा हे श्रीराम जी।
दीन दुखी अउ अबला मनके
बना दे बिगड़े काम जी।।
त्रेता युग मा आके जग ला
असुरन ले मुक्ति देवाये,
शबरी के जूठा बोइर ला खाके
जात पात ला मेटाये।
करत हावय अउ फेर अगोरा
तोर अयोध्या धाम जी।।
एक घाँव.......
अहिल्या के उद्धार करके,
नारी के मान बढ़ाये
राज भोग ला तज के भगवन
वचन ला अपन निभाये।
साँस-साँस मा लेथन परभु
हमन तोरे नाम जी।।
एक घाँव.......
ऊँच-नीच के भेद मिटाके
सबला गला लगाये.
सत्य मरजादा धरम करम के
जग ला पाठ पढ़ाये।
तेकरे सेती कहिथें तोला
मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी।।
एक घाँव अउ ये दुनिया मा,
आजा हे, भगवान श्री राम जी




अमृत दास साहू
ग्राम-कलकसा,
डोंगरगढ़ मो.न.-
9399725588

## शब्द सामर्थ्य -304

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घूंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृपक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 303 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू- दोकू क्र.304

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.303का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## राशिफल

**मेष**
कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अपने दफ्तर में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए आप अपने अंदर में काम करने वाले जात को पर कड़ी निगाह रखें अन्यथा, कोई बहुत बड़ी गड़बड़ी हो सकती है जिसके लिए आपको दोषी ठहरायाजा सकता है.

**वृषभ**
नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपकी उम्मीदों के अनुसार सफलता की प्राप्ति हो सकती है. आपके वेतन में बढ़ोतरी हो सकती है और कोई पदोन्नति भी हो सकती है, जिससे आपके मन में निराशा के भाव समाप्त हो सकते हैं. कारोबारी को अपने कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी.

**मिथुन**
आप मेहनत करने में कोई काम ना छोड़े, तभी आपको सफलता की प्राप्ति हो सकती है. आप ग्राहकों की किसी भी बात से परेशान ना हों क्योंकि मेहनत के परिणाम तुरंत नहीं मिलते हैं, इसके लिए आप थोड़ा सा धैर्य रखें. आप सभी बातों को अवॉइड करने की कोशिश करें.

**कर्क**
नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आपको जो भी टारगेट, कार्य पूरा करने के लिए दिया गया है तो आप उसके लिए लोगों को व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कारोबारी कल जितने अधिक उत्साहित रहेंगे, उतना ही वह अपनी सफलताओं तक पहुंच पाएंगे.

**सिंह**
कल का दिन थोड़ा परेशानी वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके बड़े अधिकारी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं, इसलिए आप अपने दफ्तर में कल आप अपने दफ्तर में बड़ों से किसी प्रकार की बहस ना करें. नौकरी में महत्वपूर्ण कार्य आपको करने पड़ सकते हैं.

**कन्या**
नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके ऑफिस से संबंधित कोई नया बदलाव आ सकता है. आप अपना कार्य बहुत अधिक जिम्मेदारी के साथ करेंगे. आपको अपना कार्य पूरा करने में अपने किसी सहकर्मी की मदद भी लेनी पड़ सकती है. कारोबार करने वाले जातकों को कल नए प्रोजेक्ट बन सकते हैं.

**तुला**
कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो विदेशी कंपनियों से यदि आपको कोई व्यापार करते हैं तो कल आपको आपके व्यापार के संबंध में कोई शुभ सूचना की प्राप्ति हो सकती है. व्यापारियों को काम ज्यादा होने के कारण मानसिक तनाव रहेगा.

**वृश्चिक**
नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो बैंक मे नौकरी करने वाले जातकों को कल प्रमोशन मिल सकता है. परंतु आप अहंकार से थोड़ा सा दूर रहे, अहंकार के कारण आपका कोई कार्य बिगड़ भी सकता है. व्यापारी अपने कामों को समय से पूरा करने में कोई कमी ना छोड़े.

**धनु**
नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आपका मन कल किसी बात को लेकर अशांत हो सकता है, इसलिए आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों में अधिक से अधिक ध्यान लगाए तथा आय से अधिक खर्चा ना करें अन्यथा, आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है और आप बहुत अधिक परेशान भी हो सकते हैं.

**मकर**
कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने कार्य क्षेत्र में बहुत अधिक व्यस्त रहेंगे, काम की अधिकता बहुत अधिक रहेगी जिसके कारण आपको थकावट भी हो सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कम्युनिकेशन से जुड़े जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा.

**कुंभ**
नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जो लोग किसी रिसर्च सेंटर से जुड़े हुए हैं और उसमें काम करते हैं तो उनको उस कार्य में बहुत अधिक लाभ की संभावना हो सकती है और आपके रुके हुए कार्य भी कल फिर से शुरू हो सकते हैं. उन्हें पूरा करने में आपको बहुत अधिक मेहनत भी करनी पड़ सकती है.

**मीन**
कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपका दफ्तर में दिन सामान्य रहेगा. आपके ऊपर कार्य का बहुत अधिक बोझ नहीं रहेगा. अपने करियर को लेकर आप फॉक्स रहे, अपने दफ्तर में किसी भी प्रकार की गलतियां करने से बचे अन्यथा, आपको आपके अधिकारियों से डांट खानी पड़ सकती है.



# राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक, तिरंगा कब लहराएगा गौरव पथ गार्डन में

## तत्कालीन सांसद श्री सिंह ने 2019 में 13 लाख की स्वीकृति प्रदान की थी

डोंगरगढ़ (दावा)। पालिका के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा, राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह के प्रति गंभीरता नहीं दिखाने के कारण 100 मीटर की ऊंचाई पर तिरंगा फहराने के लिए लगाया गया 100 मीटर ऊंचा पोल, विगत एक वर्ष से बिना तिरंगा झंडा के खड़ा है। तकनीकी कारणों से तिरंगा फहराने में आई खराबी का निवारण करने के लिए पालिका द्वारा 6 माह पूर्व 1 लाख रुपए के भारी-भरकम बजट की निविदा निकाली गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरंगा झंडा के नाम से प्रस्तावित 1 लाख रुपए की राशि भी खर्च कर दी गई है। किंतु आज पर्यंत तिरंगा झंडा नहीं फहराया जा सका।

### डिमांड करने वाले युवा भी हुए निष्क्रिय

शहर के युवाओं की मांग पर 100 मीटर की ऊंचाई पर तिरंगा फहराने को लेकर तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह द्वारा 13 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जो प्रायोजित भ्रष्टाचार की भेट चढ़ चुकी है।

### राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह के प्रति उदासीनता

तिरंगा चौक व भारत माता चौक व गौरव पथ गार्डन के नाम से चिन्हांकित किए गए, गोल बाजार से स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित परिसर को









पालिका द्वारा लाखों रुपए खर्च कर आकर्षक ढंग से सजाया तो गया है. लेकिन तिरंगा झंडा फहराने मैं आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के लिए कोई भी जनप्रतिनिधि व अधिकारी गंभीरता से प्रयास करता हुआ दिखाई नहीं दे रहे है।

गौरव पथ गार्डन की साज सज्जा के नाम से लाखो खर्च- पालिका द्वारा तिरंगा परिसर को आकर्षक बनाया गया। तिरंगा झंडा परिसर को आकर्षक बनाने के लिए पालिका की ओर से लाखों रुपए खर्च किए गए। जिसमें बच्चों के लिए आकर्षक झूला व खेल खुद से संबंधित सामग्री लगाई गई। इस प्रकार इसे चौपाटी का रूप दिया जा चुका है। जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस परिसर में शहरवासी अपने बच्चों के साथ शाम को बड़ी संख्या में देखे जा रहे हैं। तिरंगा झंडा की स्थापना के नाम से उससे लगे परिसर को व्यवस्थित किया जा रहा है। किंतु तिरंगा झंडा को 6 माह बाद भी नहीं फहराया जा सका है।

### युथ ऑफ इंडिया के सदस्य करें सहयोग

मिशन तिरंगा-2019 के नाम से 100 फीट ऊंचा तिरंगा 15 अगस्त 2019 को स्थापित किया गया था। निर्माण सहयोगी सदस्य के रूप में अनुज दम्माणी, संचित जैन, श्याम अग्रवाल, मो.अबरार, जिज्ञासु टांक, दिव्यांश राजपूत, चेतन चोपड़ा, हर्ष अग्रवाल, नेमिष अग्रवाल, तुषार राव, मयंक बिंदल, हिमांशू राव, प्रतिज्ञा व्यास, कामना व्यास, सौरभ भुत, स्व. मोहम्मद अरशद और विशेष सहयोगी के रूप में अभिषेक सिंह (पूर्व सांसद) का नाम शीला लेख में दर्शाया गया है। जिनसे राष्ट भक्त जनों ने फिर से तिरंगा फहराने में उत्पन्न तकनीकी बाधा दूर करने की अपील की है।

वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने किया था लोकार्पण - स्टेशन रोड गौरव पथ गार्डन पर विशाल राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण वर्ष-2019-20 (लागत राशि 13 लाख) मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह पूर्व सांसद, अध्यक्षता भूनेश्वर बघेल (तत्कालीन विधायक डोंगरगढ़) विशिष्ट अतिथि तरूण हथेल तत्कालीन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ शिव निषाद तत्कालीन उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, अमित जैन तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अमित छाबड़ा पार्षद वार्ड नं. 13 हरीश भंडारी पूर्व पार्षद की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 15 अगस्त 2019 को संपन्न हुआ था।

# ब्लॉक स्तरीय स्पर्धा में बच्चों ने भाग लिया, खेल स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



## पूर्व विधायक खांडेकर ने ली सलामी, खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

डोंगरगढ़(दावा)। ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत कातलवाही (मुसरा) में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ। दो दिन तक आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यक्रम की शुरुआत डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक विनोद खांडेकर के मुख्य आतिथ्य ग्राम पंचायत के सरपंच टाकेश्वर साहू की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि मुसरा के सरपंच कमल निर्मलकर, सुनील वर्मा उपसरपंच, जयराम वर्मा, अशोक जंघेल ने विधि विधान से भारतमाता, सरस्वती माता एवं छग महतारी के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर की। प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल के लगभग समस्त स्कूलों को 7 जोन में बांटकर की।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विरेन्द्र कौर गरछा ने स्वागत भाषण के बाद अतिथियों ने बच्चों की परेड की सलामी ली। छत्तीसगढ़ एवं लोक संगीत के आधार पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। खांडेकर ने कहा कि विकास के लिए शिक्षा मुख्य स्त्रोत है और शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के लिए खेल भी आवश्यक है। इस आयोजन के माध्यम से उन्होने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र का हर प्रतिभावान खिलाड़ी तरह-तरह के खेल में भाग लेकर अपनी पहचान गांव से जिला, जिला से प्रदेश एवं राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बना सकता है। सरपंच टाकेश्वर वर्मा ने भी इस आयोजन को लेकर आयोजन कर्ता को बधाई दी एवं अतिथियों का आभार व्यक्त भी किया। प्रतियोगिता में राजकुमार नंदेश्वर, राणा अजय सिंह, भागचंद लिल्हारे, ईश्वर निर्मलकर, एनडी गौरी, हरिश साहू, सुरेश सहारे, जयराम वर्मा, दिलीप वर्मा, अशोक जंघेल, पुरषोत्तम लोधी, मनोज वर्मा, नकूल वर्मा, गोपी वर्मा, फलेश साहू, राजेश शर्मा, तरूण साहू, देवेन्द्र अंबादे सहित समस्त शिक्षक स्टाफ एवं ग्रामवासी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ईनायत अली द्वारा किया गया।

# पहला कॉलम...

## स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय चिल्हाटी में महान वेदांत स्वामी विवेकानन्द की 161वीं जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पर्यावरण प्रेमी पूरन लाल साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला कौड़ीकसा ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द शिकागो (अमेरिका)धर्म सभा के पूर्व रायपुर स्थित 'डे भवन' में निवास करते थे। एक समय नागपुर जाते समय रायपुर से राजनांदगांव होते हुए अपने सहयोगियों के साथ बैलगाड़ी से नागपुर पहुंचे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ.के.आर. रावटे ने किया तथा आभार सुमीत अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की सफलता में अतिथि व्याख्याता गण राजेन्द्र खरे, छबील चंद्रवंशी, योगेश्वर प्रसाद, चंद्रशेखर, अंजली, कुशाली, चंपा वावरे, निशा, वैभव, रेणुका नेताम व छात्र-छात्राओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## रक्तदान शिविर में उपस्थित होकर युवाओं का बढ़ाया उत्साह विधायक ने



डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होकर विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने युवाओं का उत्साह बढ़ाया। अपने संबोधन में ग्रामीण युवाओं को जागरूक होकर बढ़चढ़कर इस रक्दान शिविर में हिस्सा लेने की बात की और रक्दान का लाभ बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दाऊ भूपेंद्र सिंह, भीखम सिन्हा, गौतम चंद जैन, कुमारी बाई सिन्हा सरपंच, मधुसूदन साहू, सुनील जैन, कांति बाई साहू पूर्व जनपद सदस्य, पंचू साहू उपसरपंच, घनश्याम सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आज बम्हनीभांठा में राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम बम्हनीभांठा में जीवनदान सेवा संस्था डोंगरगांव के युवाओं द्वारा 15 जनवरी सोमवार को राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे तक इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाता पहुंचकर रक्तदान करेंगे।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जागृति चुन्नी यदु सदस्य जिपं, बिरेन्द्र साहू सदस्य जपं डोंगरगांव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में देवसरीबाई मानिकपुरी उपसरपंच बम्हनीभांठा व शिवनारायण सोनकर समाजसेवी शामिल होंगे।

समिति के सदस्यों में महेन्द्र जंघेल प्रदेश अध्यक्ष, हरिश भंसाली प्रदेश सचिव, शांतिलाल शांडिल्य ब्लॉक अध्यक्ष, गणेश्वर साहू ब्लॉक उपाध्यक्ष, डेविड सोनकातर ब्लॉक सचिव, सदस्यगण मिथलेश साहू, चुरामन साहू, डोमेन्द्र साहू, टोमन मानिकपुरी, जितेन्द्र पटेल, बलराम साहू, मनीष सोनकातर, मनीष मानिकपुरी, उमेश मानिकपुरी सहित अन्य सदस्यगण शामिल होंगे।

## जिला कलेक्टर के निर्देश पर जनपद कार्यालय छुरिया में प्रति सोमवार जनदर्शन

छुरिया (दावा)। राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यालय जनपद पंचायत छुरिया में प्रति सोमवार, समय 11.00 बजे से 1 बजे तक जनदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें विभागीय योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, मनरेगा, 15 वें वित्त आयोग के मूल्यांकन सत्यापन से संबंधित कोई भी समस्या हो तो कार्यालय जनपद पंचायत-छुरिया में निर्धारित समयावधी में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण किया जा सके।

जनदर्शन कार्यक्रम में एस.के.ओझा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जी.पी. लारिया, अनुविभागीय अधिकारी (ग्रा.यां.से.), मोहित पडोती, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ



डोंगरगांव (दावा)। आगामी लोकसभा की तैयारी व पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत मिलने के अवसर पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के सभागृह में विधानसभा डोंगरगांव के लालबहादुर नगर व डोंगरगांव मंडल का वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रमुख वक्ता राजनांदगांव जिला भाजपा प्रभारी पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश चंदेल ने अपने उदबोधन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कुछ मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा, हार के कारण का समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा के जिन जिन बूथों पर हार का सामना करना पड़ा उसकी समीक्षा कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु कार्यकर्ताओं को चार्ज किया, तत्पश्चात कवर्धा जिला प्रभारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने लोकसभा चुनाव के पूर्व अभी चुनाव आयोग द्वारा नव मतदाताओं का नाम जुड़वाने हेतु, नाम सुधरवाने तथा मतदाता से सम्बंधित सभी प्रकरणों का चुनाव के पूर्व दुरुस्त करने हेतु सुझाव व प्रेरित किया, कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने आने वाले 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के आयोजन के सम्बन्ध में धर्मप्रेमियों को इस आयोजन को जोर-शोर से मनाने का आह्वान किया, आज के कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यशैली से प्रभावित होकर वार्ड क्रं 10 के युवा राकेश देवांगन ने भाजपा की सदस्यता ली व उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, उपाध्यक्ष द्वय मूलचंद लोधी, सावन वर्मा, आभा तिवारी, मंडल अध्यक्ष द्वय रामकुमार गुप्ता, बोधिराम साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पूर्व विधायक खेदूराम साहू, किरण साहू, इंदुमती साहू, गुलशन हिरवानी, संतोष यादव, रामधीन देवांगन, गिरवर साहू, चन्द्रकुमार देवांगन, देवेन्द्र साहू, रोहित साहू, तरुण नायक, अजय वैष्णव, वीरेंद्र साहू, किशोर यादव, लोकेश यदु, योगेश पटेल, निर्मला सिन्हा, अंजू त्रिपाठी, कुंती साहू, नन्दिनी साहू, प्रवेश ठाकुर, मनीष साहू, प्रीतम साहू, भाविश निक्की, राजेन्द्र ठाकुर, नीरेंद्र साहू, राजा जैन, सुदीप चंद्रवंशी टेकराम निषाद, चुन्नी यदु सहित विधानसभा डोंगरगांव भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# पुल पर गड्ढा, वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ा



डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम पंचायत राका में निर्माण के बाद पुल पर गड्ढा होने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, दुर्घटना का भय सदा बना रहता है। ग्रामीणों द्वारा निर्माण एजेंसी पर आरोप लगाया गया है कि घटिया निर्माण की वजह से पुल पर गड्ढा हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय पहले ही पुल का निर्माण किया गया था। गड्ढा होने से आने-जाने वालों को दिक्कत हो रही है। बाइक चालक भी कई बार गिरकर घायल हो चुके हैं। इसी रोड़ से बच्चे स्कूल आना-जाना करते हैं। जिम्मेदारों को कई बार समस्या बता चुके हैं। फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# आबकारी एक्ट के तहत 7 लीटर महुआ शराब एवं शराब बनाने के बर्तन (हाडी) को किया गया जप्त

गंडई पंडरिया (दावा)। नशे एवं अपराधिक गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम गोकना के नदी किनारे एक घर में अत्यधिक मात्रा में महुआ शराब बनाकर अवैध रूप से बिक्री करने के लिये महुआ शराब छुपा कर रख है, की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मौके पर हमराह स्टाफ व गवाह के रेड कार्यवाही किया गया, सूचना सही पाया गया आरोपी अपने घर में महुआ शराब बनाकर बिक्री करने के लिये छुपाकर रखा था। उसका नाम पता पुछने पर अपना नाम लीला



राम निषाद पिता राजकुमार निषाद उम्र 29 साल निवासी गोकना थाना गंडई का रहने वाला बताया, जिसके पास जरिकेन में रखे करीबन 07 लीटर महुआ शराब कीमत 1400 रू. मिला।

उक्त आरोपी के पास अत्यधिक मात्रा में महुआ शराब रखने के सबंध में कोई वैद्य कागजात नहीं होने से उसके कब्जे में रखे 7 लीटर महुआ शराब को जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया, आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 17/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट, कायम कर विवेचना में लिया गया।

# रामायण के आदर्शों को जीवन में करें आत्मसात - गीता घासी साहू



**बखरूटोला केशोखैरी की रामायण सम्मेलन में शामिल हुए अध्यक्ष गीता घासी साहू**

राजनांदगांव (दावा)। छुरिया ब्लॉक के ग्राम बखरुटोला, केशोखैरी में आयोजित रामायण प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू थी। इस अवसर पर श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि हमें अपने जीवन में रामायण के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। इससे हमारे जीवन में आने वाली कठिनाई से संबल मिलती है। राम नाम की महिमा अपरंपार है।

श्री रामजी ने सदाचार का मार्ग चुना। उसी तरह हमें भी सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। कुसंगति से बचकर सत्संग के मार्ग पर चलना चाहिए। अपने जीवन में अहंकार नहीं करना चाहिए। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता, उन्होंने आगे कहा कि श्रीराम चरित मानस में सकारात्मक जीवन जीने की कला छिपी हुई है। किस तरह का व्यवहार हमें अपने जीवन में अपनाना है और संबंधों को किस प्रकार जीना है। यह शिक्षा हमें रामायण से मिलती है। श्रीमती गीता घासी साहू ने 22 जनवरी कोअयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र जी विराजमान होने के दिन प्रत्येक घरों में दीप प्रज्वलित करने का निवेदन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पदम भूषण साहू, श्रीमती बेला साहू, जाकेत साहू, भीखम लाल, कुलेश्वर साहू, देव सागर साहू, कुलदीप नरोत्तम, रूपेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे। रामायण प्रतियोगिता में ख्याति प्राप्त अंचल की मानस मंडलियों ने भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

# श्रीराम मंदिर व प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण लेकर राम भक्त पहुंच रहे हैं

डोंगरगांव (दावा)। सनातन धर्म का गौरवशाली पल नजदीक है और अब सभी राम भक्त श्रीराम मंदिर व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में जुट गए हैं। शहर के प्रत्येक घरों में रामभक्त राम भजन और विजय मंत्र सहित राम नाम के जय घोष के साथ पहुंच रहे हैं. कार्यक्रम के संयोजक होरीलाल साहू एवं प्रेम गोस्वामी ने बताया कि संघ के दृष्टिकोण से डोंगरगांव विकासखंड में 15 मंडल हैं जिसके अंतर्गत 165 ग्राम शामिल हैं। रामजन्म भूमि अयोध्या से पहुंचे अक्षत को जिला केन्द्र से लाने के उपरांत मंडल केन्द्रों में वितरित किया गया था जहां से सभी 165 ग्रामों में वितरण हेतु रामभक्तों को दिया गया है। डोंगरगांव नगर सहित सभी ग्रामों में निमंत्रण तथा पूजित अक्षत के वितरण का कार्य विभिन्न टोलियों के माध्यम से घर-घर पहुंचाया जा रहा है। नगर के पंद्रह वार्डों को चार जोन में बांटा गया है और सभी में 2 से 3 टोलियाँ आमंत्रण पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। साथ ही नगर सहित विभिन्न ग्रामों में आगामी 22 जनवरी तक अनेक धार्मिक आयोजन भी किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सर्व हिन्दु परिवार व सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगांव द्वारा साकेतधाम परिसर में 15 जनवरी को संध्या 5:30 बजे से अयोध्यामय उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें कलश यात्रा दुर्गा मंदिर प्रांगण से निकाली जायेगी जो कि नगरभ्रमण करते हुए साकेतधाम परिसर पहुंचेगी।



**ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहर में भी विभिन्न धार्मिक आयोजन**

नगर में थाल में अक्षत कलश की पोटली और हाथों में प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र लिए राम भक्त निमंत्रण देने घर-घर तक पहुंच रहे हैं। वहीं प्रभु श्रीराम भक्तों की टोली को आते देख सभी सनातनी घरों से नारियल, पुष्प, दीपक व टीका चंदन लेकर प्रभु श्रीराम की तस्वीर में अपना शीश नवा रहे हैं और निमंत्रण पत्र को पाते ही हर्षोल्लास से भरपूर भक्त पत्र को सिरोधार्य कर रहे हैं। शहर के नीला देवांगन, रेनू दुबे, बालकृष्ण दुबे, विशाल खत्री आदि ने बताया कि हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम का मंदिर अयोध्या में बनकर तैयार है और रामलला विराजमान होने वाले हैं, हम सौभाग्यशाली हैं कि इस पल के साक्षी बन रहे हैं। 22 जनवरी सभी सनातनियों के लिए अविस्मरणीय तारीख है। इस दिन को दीपावली से भी अधिक उल्लास के साथ इस महापर्व को मनाएंगे, पूरे घर को दीये से रोशन करेंगे और मिठाइयां बांटेंगें। प्रभु श्रीराम के भक्तों का यह उल्लास सभी सनातनियों के हृदय को प्रफुल्लित करता है।

# नवकुण्डीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा 9 से 17 तक



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम करमतरा(सिंघोला) में नवकुण्डीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन 9 से 17 जनवरी तक किया जा रहा है। श्री पाटेश्वर धाम के राजयोगी बाबाजी के संरक्षण एवं बालयोगेश्वर संत रामबालकदास महात्यागी के कुशल संचालन एवं करमतरा क्षेत्रवासियों के सहयोग से विश्व कल्याणार्थ यह आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि श्री पाटेश्वर धाम के संरक्षण में सामाजिक समरसता को समर्पित अब तक पूरे भारतवर्ष में 101 महायज्ञ सम्पन्न हो चुके हैं, इसी कड़ी में करमतरा में आयोजित यह 102वां महायज्ञ है। आयोजन 9 जनवरी को भव्य कलश यात्रा और वेदीपूजन से प्रारंभ होगा वहीं 10 से 16 जनवरी अग्नि प्राकट्य आहुति प्रारंभ होगा, जबकि प्रति दिवस प्रातः 5 बजे जागरण, मंत्रपाठ, 8 बजे से दोपहर 12 बजे महायज्ञ आहूति, दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक संगीतमय श्रीरामकथा एवं संध्या 6 बजे से मानस गान एवं जस कार्यक्रम आयोजित होगा। बुधवार 17 जनवरी को महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ महाप्रसादी वितरण होगा।

# स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती मनाई गई



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ आर. के. ठाकुर के अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम प्रभारी बी.आर.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में तथा धन्नायक पंचराम सॉरी एवं धनंजय साहू के नेतृत्व में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ हुआ। पूजा देवांगन द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख नारा 'नंद के आनंद की जय विवेकानंद की' के साथ शुरूआत की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ठाकुर द्वारा उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन का संक्षिप्त परिचय देते हुए शिकागो धर्म सम्मेलन में भारत की संस्कृति एवं आत्मियता की पहचान को विश्व पटल पर छवि दिलाने में स्वामी विवेकानंद का योगदान रहा।

महाविद्यालय के स्वयंसेवक स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर सशक्त समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रधायापक डॉ. ए. आर. ध्रुव, मनोहर बोकड़े, डॉ. हेमलता गायकवाड, अरुण कुमार साहू, सुश्री सोनल नागवंशी, श्रीमती रीना सलामे एवं महाविद्यालय के समस्त स्वयंसेवक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। वरिष्ठ छात्र पंचराम सोरी द्वारा विवेकानंद के वाक्य, लोग तुम्हारी प्रशंसा करें या निंदा, सफलता अवश्य मिलेगी के साथ कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया।

## गैंदाटोला में 21 को श्री राम के नाम रक्तदान एवं हास्य कवि सम्मेलन

राजनांदगांव(दावा)। अयोध्या की पावन नगरी में भगवान श्री रामलला जी की प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर ग्राम गैंदाटोला में 21 जनवरी को भव्य रक्तदान शिविर एवं कार्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्री राम के नाम रक्तदान वाले इस कार्यक्रम के दौरान रात्रि में आयोजित भव्य हास्य कवि सम्मेलन में हास्य व्यंग्य का पटाका फोड़ने कवि गण उपस्थित रहेंगे। युवा रक्तदाता जागरूक अभियान समिति के युनूस अजनबी ने बताया कि 21 जनवरी की सुबह 10 बजे से 3 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित रहेगी।

# नवोदय विद्यालय में पद्मश्री फूलबासन यादव के द्वारा मार्गदर्शन कार्यक्रम

डोंगरगढ़ (दावा)। 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में बच्चों के मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन हेतु कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री श्रीमती फुलबासन यादव थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य रूपेंद्र सिंह ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती फूलमसान ने अपने उद्बोधन में अपने संघर्ष की कहानी सुना कर बच्चों को उत्साहित किया। उन्होंने छोटी-छोटी समस्याओं से न घबराते हुए संघर्ष करते हुए आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि कोई भी समस्या बड़ी नहीं होती है समस्या का समाधान करने हेतु खुद को आगे बढ़ना होता है। हर समस्या और हर चुनौती का समाधान है। इस तरह से अपने उद्बोधन में विद्यालय की तारीफ करते हुए प्रेरणा गीत सुना कर सभी बच्चों को मंत्र मुक्त कर दिया। फूलबासन यादव के साथ में महिला समूह से आई हुई ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती जयजन्या साहू ने भी कविता सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया एवं जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। साथ ही साथ समस्या का कैसे समाधान करना है और जीवन में सफलता किस प्रकार से प्राप्त करना है, इस संबंध में बच्चों को बहुत ही रोचक जानकारी दी। सभी बच्चे इस कार्यक्रम से अत्यंत उत्साहित हुए। श्रीमती फुलवासन यादव के उद्बोधन को सुनकर सभी बच्चे और पूरा स्टाफ अत्यंत प्रेरित हुए। असफलता को सफलता में बदलने की सीख सभी बच्चों ने प्राप्त की। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हिंदी विभाग अध्यक्ष रामकुमार चंद्रा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार बिसेन ने की। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यगण उपस्थित थे और सबने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की।

# विकास के लिए शिक्षित वर्ग को आवश्यक मार्गदर्शन करना होगा



महाराष्ट्र के अरततोंडी में गोंड़वाना सामाजिक सभा सम्पन्न

कल्लुबंजारी (दावा)। गत दिनों महाराष्ट्र के गोंदिया जिला के अर्जुनी-मोरगांव तहसील के केशोरी के समीप ग्राम अरततोंडी (परसटोला)में गोंडवाना स्टूडेंट युनियन शाखा अरततोंडी के तत्वावधान में गोंड़वाना सामाजिक सभा सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सामिल कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कुरेटी दिलेर ने कहा सामाजिक विकास के लिए समाज के शिक्षित वर्ग को सामाजिक संगठन से जुड़कर आवश्यक मार्गदर्शन करना होगा तभी गोंड़ समाज का विकास संभव है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष गोंड़ी साहित्यकार नंदकिशोर नेताम, उदघाटक गोंड़ी साहित्यकार एवं समाजिक कार्यकर्ता गणेश हलामी, ध्वजारोहक डॉ. नानुक कुमरे, मुख्यअतिथि वक्ता महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता देवाजी तोफा एवं कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष एवं साहित्यकार दिनेश कुरेटी दिलेर रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेवा अर्जी के साथ किया गया पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वक्ता दिनेश कुरेटी दिलेर ने कहा कि आदिवासी समाज के पिछडेपन का प्रमुख कारण विकास परक सोच का अभाव है। आदिवासी समाज के विकास के लिए समाज के शिक्षित वर्ग को सामाजिक संगठन से जुड़कर आवश्यक मार्गदर्शन करना होगा। आदिवासी समाज के लोगों के पास जमीन होने के बाद भी पर्याप्त मात्रा में फसल का उत्पादन नहीं कर पाते। आदिवासी समाज में व्यापारिक एवं व्यावसायिक सोच का सर्वथा अभाव है। व्यावसायिक एवं व्यावसायिक सोच के अभाव में आदिवासी समाज आर्थिक रूप से कमजोर कमजोर है। व्यापार करने से आर्थिक समृद्धि होती है। व्यापारिक सोच से विकास परक काम किया जा सकता है। शिक्षा के अलग-अलग स्तर होते है सभी शिक्षा स्तर को प्राप्त करना होगा। आदिवासी समाज को उनके संस्कृति, बोली भाषा, रीति-रिवाजों के कारण आरक्षण मिला है लेकिन आदिवासी समाज के लोग जैसे-जैसे शिक्षित होते जा रहे है वैसे-वैसे अपने प्राचीन रीति- रिवाज एवं रिश्ता-नाता को भूलते जा रहे है। आरक्षण को बचाने के लिए प्राचीन संस्कृति को बचाना होगा। भाषा संस्कृति की जननी है अतः गोंड़ी संस्कृति को बचाने के लिए गोंड़ी भाषा को बचाना होगा।

देवाजी तोफा ने कहा कि हमारे समाज के लोग अपने अधिकारों को भूलते जा रहे हैं। अपने अधिकारों की रक्षा के लिए ग्रामसभा को मजबूत करना होगा। आजकल फर्जी ग्रामसभा के माध्यम से आदिवासी समाज को उनके मूल अधिकारों से वंचित किया जा रहा है जो कि अत्यंत ही चिंतन का विषय है। ग्राम सभा को सशक्त करने की आवश्यकता है। ग्रामसभा की मजबूती के लिए गांव के लोगों को एकता के सूत्र में बंधना होगा। सभा को समाज प्रमुख गणेश हलामी, नंदकिशोर नेताम, डॉ नानुक कुमरे एवं तोमन आचले ने संबोधित कर आदिवासी समाज को अपने मूल संस्कृति,बोली, भाषा को बचाय रखने का आव्हान किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक सुदाम कोवे, दुर्योधन आड़े, जयंत कुमार मंडावी, तोमन कुमार आचले, नरेन्द्र मंडावी, भूपेन्द्र कुमार सोरी, तेजराम पोरेटी, सुकलाल हारामी, अखिलेश हारामी, रतिराम पोरेटी, यशवंत बोगारे, धनराज पेन्दाम, सुरेन्द्र सलामें, विश्वनाथ दर्रो, शंकर सिंह गावड़े, अमरू मंडावी, बाजीराव नेताम, बसंता ताई मुलेटी, रामू कुमरे, विनायक मरस्कोले, अंताराम तारम, वामन तारम हीरासिंग मंडावी, रामनाथ तारम आदि सहित गोंडवाना स्टूडेंट युनियन शाखा अरततोंडी(परसटोला) के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा आदिवासी समाज के लोग हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

# कानफ्लुएंस कॉलेज आफ हायर एजुकेशन के हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कानफ्लुएंस कॉलेज आफ हायर एजुकेशन राजनांदगांव के हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक राधेलाल देवांगन ने कहा कि प्रतिवर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इसका थीम है-'पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता जीवन को सहज और सरल बनाने की ओर प्रेरित करता है। हिंदी देश की सबसे पुरानी भाषाओं में एक है और प्रत्येक भारतीय को अपनी मातृभाषा में बोलने पर गर्व महसूस करना चाहिए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि हिन्दी को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के अलावा दुनिया भर के देश में बसे भारतीयों को एक सूत्र में बांधने के लिए भी



विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी केवल हमारी मातृभाषा ही नहीं अपितु यह राष्ट्रीय अस्मिता, गौरव संस्कृति तथा समृद्धि का प्रतीक है। भाषा की मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका है। विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी को दुनिया के कोने-कोने में पहुंचने का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉ.मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि हिन्दी भारतीयों के दिल में बसती है। भाषा हमारी जान है, पहचान है। यह हर एक भारतीयों की रग- रग में बसती है। हम सबको इसका व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करना चाहिए ताकि हम गर्व से सिर ऊंचा करके कह सके कि हम भारतवासी हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण में प्रथम स्थान- पल्लवी मिश्रा, द्वितीय टोमन एवं तृतीय स्थान पर अनिकेत रहे। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम -कोमल एवं अनामिका तथा द्वितीय स्थान पर डाकेश्वरी एवं पल्लवी रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रध्यापक एवम विधार्थी उपस्थित थे।

# ठेलकाडीह कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



ठेलकाडीह (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह के प्राचार्य ए. के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डी.के. साहू के निर्देशन मे 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा अपने विचार भाषण, कविता एवं गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको ने अपने उद्बोधन मे स्वामी विवेकानंद के जीवनी एवं कार्यो के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री श्रीवास्तव सर ने समस्त विद्यार्थियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई दी गई एवं स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा प्राप्त कर अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक श्रीमति रेणुका सिन्हा द्वारा किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में राष्ट्रीय युवा दिवस मना



डोंगरगांव (दावा)। **नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस व युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती डॉ.रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा एवं अधिकारी डोंगरगांव के मार्गदर्शन में विभाग के समस्त कर्मचारियों व्दारा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्प माल्यार्पण व दीप जलाकर मनाया गया।**

साथ ही समस्त अधिकारी कर्मचारी को स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राकेश कुर्रे बीपीएम, डॉ.इशिता बागची दंत चिकित्सक, रंजना शुक्ला आरएमए, सुलोचना रामटेके नर्सिंग सिस्टर, भोज कुमार साहू रेडियोग्राफर, जशवंत कोडापे, शिप्रा मुटकुरे लैब टेक्निशियन, खुशाल साहू नेत्र सहायक अधिकारी, हितेश काटले, किशोर साहू टीबी डिपार्टमेंट, राकेश निर्मलकर, टिकेश्वरी साहू, तेजराम नेताम, बसंत मालेकर, ब्रम्हा यादव, दुकालदास मार्कण्डेय, रानी ठाकुर सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

# अवैध धान संग्रहण व परिवहन मामले में हुई कार्यवाही



डोंगरगाँव (दावा)। धान के अवैध संग्रहण के मामले में वर्षो बाद इस तरह की कार्यवाही देखने मिली है। इस दौरान डोंगरगांव में एसडीएम ए.के.पुसाम के नेतृत्व में नायब तहसीलदार गंगाधर राव व राजस्व विभाग की टीम द्वारा अवैध धन भंडारण एवं अवैध धान विक्रय करने हेतु अवैध धान परिवहन करने पर मंडी एक्ट के तहत जप्ती कार्यवाही की गई।

ग्राम अर्जुनी में नायब तहसीलदार जे.पी.खूंटे एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा अवैध धान भंडारण सीमा से अधिक करने पर मंडी एक्ट के तहत जप्ती की कार्यवाही की गई। मिली जानकारी के अनुसार अंकित ट्रेडर्स से 250 कट्टा, सक्षम ट्रेडर्स से 160 कट्टा, अमरचंद जैन अर्जुनी 53 कट्टा, प्रमोद जैन धनगांव 36 कट्टा कुल 200 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। इसके साथ ही राजनांदगांव से बांधाबाजार 125 कट्टा, गिरगांव से खुर्सीपार (छुरिया) 71 कट्टा, डोंगरगांव से केरेगांव 70 कट्टा कुल 107 क्विंटल अवैध धान का परिवहन किया जा रहा था। इसी प्रकार कुमरदा क्षेत्र में ग्राम धनगांव में नायब तहसीलदार छुरिया वसीम सिद्दीकी व मंडी सचिव द्वारा अवैध धन भंडारण सीमा से अधिक करने पर जप्ती कार्यवाही की गई।

## ज्योतिष चमत्कार ( 15 जनवरी 2024 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 52 | 64 | 76 | 82 |
| मंगल | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 68 | 78 | 84 | 92 |
| बुध | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 70 | 86 | 96 | 02 |
| गुरू | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 80 | 98 | 04 | 14 |
| शुक्र | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 90 | 06 | 18 | 24 |
| शनि | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 08 | 10 | 26 | 36 |
| अंकों का बादशाह | 9 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 8 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 7 |
| स्पेशल | 21 | 35 | 46 | 70 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 07 | 17 | 23 | 31 |
| मंगल | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 19 | 25 | 35 | 41 |
| बुध | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 37 | 43 | 53 |
| गुरू | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 39 | 45 | 57 | 63 |
| शुक्र | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 47 | 59 | 65 | 75 |
| नव वर्ष की शुभकामनाएं 2024 | | | | |
| अंकों का बादशाह | 2 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 3 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 7 | 8 | 9 |
| स्पेशल | 41 | 75 | 86 | 90 |

सप्ताह में देखें (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

सप्ताह में देखें (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

अंक आपके पत्ते हमारे

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | 59 | 29 | 44 | 14 | 16 |
| 48 | 02 | 24 | 53 | 54 | 97 |
| 41 | 60 | 95 | 63 | 25 | 15 |
| 73 | 42 | 29 | 63 | 38 | 12 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 94 | 47 | 30 | 15 | 38 |
| 37 | 28 | 09 | 30 | 42 |
| 22 | 86 | 85 | 18 | 22 |
| 47 | 41 | 17 | 09 | 25 |

2023 के रुके जोड़ भाव

| | |
|---|---|
| कल्याण | 2023- -21-23-49-66-91-09 |
| राजधानी नाईट | 2023 -31-32-35-48-50-62-64-66-79-90- |

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

***भारतीय सैनिकों की वापसी को लेकर....***

के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से भारतीय सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने का अनुरोध किया था. उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए 'मजबूत जनादेश' दिया है. खलील ने इसके पहले कहा था कि राष्ट्रपति मुइज्जू के नेतृत्व वाले नए मालदीव प्रशासन ने स्थापित किया है कि मालदीव में 77 भारतीय सैन्यकर्मी हैं. माले अब नई दिल्ली के साथ 100 से अधिक द्विपक्षीय समझौतों की भी समीक्षा कर रहा है. मालदीव में पहले हेलीकॉप्टर का प्रबंधन करने के लिए 24 भारतीय सैन्यकर्मी, डोर्नियर विमान का प्रबंधन करने के लिए 25 भारतीय, दूसरे हेलीकॉप्टर का प्रबंधन करने के लिए 26 भारतीय और रखरखाव और इंजीनियरिंग के लिए दो अन्य भारतीय कर्मी हैं.भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर चर्चा मुइज्जू सरकार के तीन उपमंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ पोस्ट की गई अपमानजनक टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के बीच उत्पन्न विवाद के बीच शुरू हुई है. चीन की अपनी हाल ही में संपन्न राजकीय यात्रा के दौरान, मुइज़ू ने मालदीव को बीजिंग के करीब लाने का प्रयास किया. मुइज्जू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया है. इन मंत्रियों के पोस्ट को लेकर भारत में चिंता जतायी गई और भारतीय पर्यटकों द्वारा मालदीव के बहिष्कार का आह्वान किया गया, जिनकी संख्या रूसी पर्यटकों के बाद सबसे अधिक है. पर्यटक संख्या के लिहाज से चीन तीसरे स्थान पर है.

***कांग्रेस के कद्दावर नेता मिलिंद ...***

उनके सभी राजनीतिक दलों में करीबी मित्र हैं, लेकिन वह मूलतः एक कट्टर कांग्रेसी थे जो हर मुश्किल में हमेशा कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े रहे। श्री देवड़ा कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे मुरली देवड़ा के पुत्र हैं। वह लगातार दो लोकसभा चुनाव शिवसेना के अरविंद सावंत से हारे हैं, लेकिन उससे पहले वह दो बार जीते थे। इंडिया गठबंधन के साथ सीट बंटवारे में मुंबई दक्षिण सीट उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पास जाने की संभावना पर खुश नहीं थे। समझा जाता है कि वह शिवसेना के एकनाथ शिंदे वाले गुट में शामिल हो सकते हैं।

***29 जनवरी को होगा ....***

इस बार 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम 29 जनवरी को दिल्ली के 'भारत

## पेज 1 का शेष...

मंडपम' में आयोजित किया जाएगा। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के बारे में यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें देश और विदेश दोनों के ही छात्र, शिक्षक और अभिभावक प्रधानमंत्री मोदी के साथ परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करते हैं। परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल तैयार करने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बड़ी पहल 'एग्जाम वॉरियर्स' का हिस्सा है।

***विकसित भारत संकल्प यात्रा के....***

शहरी क्षेत्रों के साथ ही अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में जा रहे हैं और शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर नागरिकों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। 40 हजार ग्राम पंचायतों तक लगभग 1 करोड़ 25 लाख लोगों को मोदी की गारंटी योजना से लाभ मिला है। 35 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बेहतर कार्य करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार अच्छी तरह चल रही है। मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रदेश में हरसंभव कार्य किए जा रहे हैं।

सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को 2 वर्ष का बोनस लगभग 3 हजार 700 करोड़ रूपए की राशि किसानों के खाते में डाल दी गई है और वादा पूरा किया गया है। किसानों के लिए 2100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने की योजना प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल में माताओं एवं बहनों को 12000 रूपए राशि प्रदान करने की घोषणा की गई है तथा बजट में इसके लिए शासन द्वारा प्रावधान किया जा रहा है। मोदी की गारंटी योजना का विस्तार करते हुए गांव-गांव में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए अभियान चलाया गया है। वादे को पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए स्वीकृति दी गई है। उन्होंने सभी को देश को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए संकल्प के साथ शपथ दिलाई। डॉ. सिंह बच्चों के अन्नप्राशन्न एवं गर्भवती माताओं के गोद भराई कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने केन्द्र शासन की योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए विभागीय स्टॉलों का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में मकर संक्रांति के अवसर पर तिल के लड्डू एवं पतंग की सजावट विशेष रही। स्टॉल में सुपोषण परी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रंगोली, छत्तीसगढ़ी व्यंजन एवं विभिन्न प्रकार की भाजियां एवं पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई। वन विभाग के स्टॉल में कटहल, करौंदा, बेर, लहसुन, जीमिकंद के आचार तथा महुआ लड्डू, महुआ कुकीज एवं उड़द एवं मूंगदाल की बड़ी जैसे उत्पाद की बिक्री की गई। समाज कल्याण विभाग के स्टॉल में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के संबंध में जानकारी दी गई। जिसके तहत जनसामान्य को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, निरूशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन योजना के संबंध में जानकारी दी गई। आयुष विभाग के स्टॉल में आम जनता का इलाज किया गया तथा उन्हें होम्योपैथी दवाईयों का निरूशुल्क वितरण किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान नागरिकों ने बीपी, शुगर, ब्लड प्रेशर, खून, सिकल सेल, टीबी की जांच कराई। जनसामान्य ने आयुष्मान कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड अपडेशन में विशेष रूझान दिखाया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों ने अपने मन की बातें और अनुभव साझा किए। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की मोहक प्रस्तुति दी गई तथा नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से शासन की योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, राजेन्द्र गोलछा, सचिन बघेल, अशोक चौधरी, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम किशुन यदु, पार्षद शिव वर्मा, टोपेन्द्र सिंह, पारस वर्मा, गगन आईच, विजय राय, शरद सिन्हा, राजेन्द्र जैन रानू, कमलेश बंधे, सचिन दुरहारे, मुकेश बघेल, श्यामा सुखदेवे, राजूलाल टंडन, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अरूण वर्मा एवं अन्य अधिकारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# यादव समाज द्वारा नवपदस्थ कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा का सम्मान किया



खैरागढ़ (दावा)। जिला कोसरिया यादव समाज खैरागढ़ द्वारा जिला का नवपदस्थ कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा का भगवान श्रीकृष्ण जी की प्रतिमा, श्रीकृष्ण पट्टा एवं गुलदस्ता भेंट कर समाज द्वारा सम्मान करते हुए सामाजिक विकास व आगामी दिनों में कार्यक्रम आयोजन के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया, जिसमें कलेक्टर द्वारा हर सम्भव मदद करने की बात कही। जिसमें समाज के जिला अध्यक्ष ईश्वर यादव, प्रदेश व जिला संगठन मंत्री सूर्यकांत यादव, जिला युवा अध्यक्ष शिवानंद यादव, नगर अध्यक्ष शंकरलाल यादव, उपाध्यक्ष राधेश्याम यादव, सचिव सुनिल यादव, मिडिया प्रभारी जितेन्द्र यादव, नगर युवा अध्यक्ष विक्रम यादव, महेश यादव, रामानंद यादव, लोकेश यादव, दिनदयाल यादव, प्रकाश यादव, करन यादव, मनोज यादव, शिव यादव, रामकृष्ण यादव, कैलाश यादव, अजय यादव।

महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती आरती यादव, संरक्षक कांता यादव, सीमा यादव, पुष्पा यादव, शांतिमुकेश, गीता जितेन्द्र यादव, कंचन यादव, गीता यादव, आनंद यादव सहित समाज के पदाधिकारी एवं समस्त समाज प्रमुख उपस्थित थे।

# बांधाबाजार में मानस महोत्सव 2 से 4 फरवरी तक

बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार में हर साल की तरह इस साल भी जय श्री बालाजी मानस मंच बांधा बाजार द्वारा भव्य मानस महोत्सव का आयोजन 2 फरवरी दिन शुक्रवार से 4 फरवरी रविवार तक आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ख्यातिलब्ध मानस मंडलियां भाग लेंगी इस आयोजन में मंडलियों हेतु बहुत सारे पुरस्कार की व्यवस्था पुरुष एवं महिला वर्ग में की गई है मानस महोत्सव का आयोजन बाजार चौक अयोध्या धाम बांधा बाजार में होगा साथ ही इसी कड़ी में कुर्सीतिकूल, तुमडी लेवा, एवम थुहाडबरी में भी कार्यक्रम आयोजित है।

आयोजन समिति ने सभी आसपास के ग्रामवासियों नगर वासियों से अधिक से अधिक उपस्थिति की अपील की है आयोजन का यह सोलवा वर्ष है यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग आयोजित होता है।

# छत्तीसगढ़ लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष बने अमित छाबड़ा

डोंगरगढ़ (दावा)। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र संघ व लोकतंत्र प्रहरी की आगामी वर्षों में संगठणात्मक गतिविधियों में तेजी लाने के दृष्टिकोण से प्रदेश स्तरिय संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी की सहमति से अमित छाबड़ा को छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रहरी के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किया गया है। समर्थकों ने अमित छाबड़ा को प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष जताया है। साथ ही सोशल मिडिया पर ढेरों बधाई संदेश दिया गया।



नेता प्रतिपक्ष छाबड़ा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष पद की नियुक्ति पर लोकतंत्र सेनानी जिलाध्यक्ष कुलवंत कक्कड़, वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता चीकू जैन महेंद्र अग्रवाल, भाजपा मंडल महामंत्री संतु राव, पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़, भाजपा नेता विजेंद्र ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, कमलेश काले, भाजयुमो जिला मंत्री अखिलेश गढ़वाल, मनीष चक्रवर्ती, विक्की भाटिया गगन लरोकर, नगरपालिका के समस्त भाजपा पार्षद, भाजपा पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवम वरिष्ठ भाजपा नेताओं ईस्ट मित्रों ने बधाई दी।

### पार्षद से प्रदेश अध्यक्ष तक का सफर संघर्ष मय रहा-अमित छाबड़ा

नगर पालिका के 2009 से लगातार पार्षद के पद पर आसीन होते आ रहे है। वर्तमान नगर पालिका डोंगरगढ में नेता प्रतिपक्ष के पद की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी ने अमित छाबड़ा के कंधों पर दे रखी हैं।

इसी तरह राजनांदगांव जिला योजना समिति के निर्वाचित सदस्य, भाजपा प्रदेश नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रभार, डोंगरगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 2009 से लगातार जीवन दीप समिति के सदस्य है।

# विकासखंड स्तरीय स्काउट गाइड द्वितीय सोपान शिविर

डोंगरगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव में 12 जनवरी को द्वितीय सोपान शिविर का शुभारंभ हुआ जो 15 जनवरी तक चलेगा.

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश गांधी पूर्व जिपं. अध्यक्ष एवं संरक्षक भारत स्काउट गाइड डोंगरगांव शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अच्छे नागरिक बनने के लिए स्काउट गाइड की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे बच्चे का सर्वांगीण विकास में मदद मिलता है और स्काउट गाइड बच्चों को जीवन जीने की कला सिखाता है। विशेष अतिथि के रूप में टोमन साहू पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अमलीडीह एवं अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड डोंगरगांव, रामकुमार गुप्ता सदस्य भारत स्काउट गाइड डोंगरगांव, योगेश पटेल समाजसेवी, आर.डी.मानिकपुरी प्रधानपाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरगांव के आतिथ्य में संपन्न हुआ. विकासखंड स्तरीय द्वितीय सोपान शिविर में डोंगरगांव ब्लॉक के 20 स्कूलों से 59 स्काउट एवं 18 गाइड ने हिस्सा लिया।

संचालक मंडल में सुरेश कुमार साहू व्याख्याता शिविर संचालक, राखी रामटेके सहायक शिविर संचालक गाइड, टोमन पटेल विकासखंड सचिव, नरेंद्र धमगेश्वर सहायक शिविर संचालक स्काउट, रूपधन लाल राणा प्रशिक्षक दिनेश साहू विशेष प्रशिक्षक नारद भुवार्य क्वार्टर मास्टर वीना देवांगन सहायक प्रशिक्षक मीना पटेल सहायक प्रशिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, शिविर में सेवा कार्य हेतु 8 सर्विस रेंजर एवं रोवर का सेवा लिया जा रहा है।

# विवेकानंद जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन संगीत विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में

खैरागढ़ (दावा)। प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय में विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के विषय पर विभाग स्तरीय विचार गोष्ठी का आयोजन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ मंगलानंद झा ने कहा की स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है। आज युवाओं का अधिक समय इंटरनेट, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, दूरसंचार में ही समाप्त हो जा रहा है। युवा वर्ग वास्तविक पुस्तकों और मूल ग्रन्थ के अध्ययन से दूर होते जा रहे हैं और इंटरनेट के माध्यम से अपना



संपूर्ण ज्ञान हासिल करने की चेष्टा करते हैं, जो निराशाजनक स्थिति की और इंगित करता है। पुस्तक पढ़ने से प्रेरणा मिलती है और ज्ञान का प्रकाश फैलता है, लिखने के लिए पढ़ना और वक्तव्य के लिए सुनना आवश्यक है, जिसकी कमी आज युवाओं में देखने को मिल रहा है।

डॉ. चैन सिंह नागवंशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद विश्व युवा शक्ति के मूल प्रतिबिंब है। विवेकानंद सत्य को ही ईश्वर का प्रतिरूप मानते थे। गीता के निर्देशों के अनुरूप ही स्वामी विवेकानंद ने विश्व समुदायों को दृढ़ इच्छा शक्ति परिश्रम और मंजिल को एकाग्रचित से लक्षित करने को प्रेरित किया। शोधार्थी प्रशांत चौरे ने कहा की विवेकानंद भारत के महान आध्यात्मिक शक्ति के प्रतीक थे। उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस थे। जिनके निर्देशों को स्वामी ने अक्षरसः अपने जीवन में उतारा।। उन्होंने हिंदू धर्म को विश्व धर्म की पंक्ति में खड़ा करने में अग्रणी भूमिका निभाई। एम.ए. की छात्रा वर्षा यादव ने स्वामी विवेकानंद का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए, कहा कि जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी। आरती लाठिया ने स्वामी विवेकानंद के विचार व्यक्त करते हुए, कहा कि संगत सदैव अच्छे लोगों से करनी चाहिए क्योंकि अच्छी संगति भी सफलता के कारण बनते हैं। इस अवसर पर वर्षा यादव ने महिषासुर मर्दिनी देवी का स्तुति प्रस्तुत किया,जो सराहनीय था। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी समीक्षा जैन ने किया तथा आभार प्रदर्शन करते हुए, कहा कि इंसान अपनी किस्मत खुद बनाते हैं और मजबूत बनते हैं, जो किस्मत पर भरोसा करके शांत बैठे रहते हैं वे लोग कायर होते हैं। इस अवसर पर डॉ. मंगलानंद झा, डॉ. चैन सिंह नागवंश, प्रशांत चौरे, समीक्षा जैन, वर्षा यादव, आरती लाठियां, लक्ष्मी नारायण वर्मा, वंदना वर्मा सहित विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विभागीय संयुक्त दल की कार्यवाही, 70 कट्टा अवैध धान जब्त



गंडई के व्यापारी नारायण शर्मा के पास अवैध धान जप्त

गंडई पंडरिया (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान संग्रहण और परिवहन पर सतत कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में शनिवार को पंडरिया गंडई के दुकान में छापेमारी कर 70 कट्टा अवैध रूप से भंडारित धान जप्ती की कार्यवाही की गई।

कलेक्टर चन्द्रकान्त वर्मा के निर्देशानुसार जिला खाद्य अधिकारी, सहायक पंजीयक, नोडल अधिकारी सहकारी बैंक के संयुक्त टीम के द्वारा पंडरिया गंडई के व्यापारी नारायण शर्मा के दुकान में छापामारी किया गया। कार्यवाही में 70 कट्टा अवैध भंडारित धान को प्रकरण बनाकर जप्त किया गया। संयुक्त दल में जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहायक पंजीयक रघुराज सिंह, सीसीबी नोडल आलोक शर्मा शामिल थे।

# रंगारंग प्रस्तुति के साथ सरस्वती शिशु मंदिर गंडई का वार्षिक उत्सव संपन्न





गंडई (दावा)। मातेश्वरी गंगई शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर गंडई में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि श्रीमती विद्या देवी भट्ट सेवानिवृत व्याख्याता विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती हुलसी जंघेल व हुकुम सिंह यादव अध्यक्ष मातेश्वरी गंगई शिक्षा समिति तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व छात्रा कुमारी मोनिका नेताम पोस्टमास्टर मोहगांव ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भारत माता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य बलराम सिंह ठाकुर द्वारा विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा सत्र 2022-23 में कक्षा दशम तक के मेधावी छात्रों को एवं विद्याभारती की राष्ट्रीय कैरम, योगासन प्रतियोगिता में जिन भैया बहिनों ने स्थान प्राप्त किये थे उन्हें विद्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।सभी अतिथियों द्वारा भैया बहिनों को आशीर्वचन प्रदान किया गया।

तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रमों में बच्चों ने भारतीय संस्कृति के विभिन्न सभ्यता व परंपरा को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दिए जिसमें देशभक्ति नृत्य,रामचरित मानस बालनाटिका, सुवा नृत्य, बस्तरिया नृत्य, राऊत नाचा, डंडा नृत्य, स्वामी विवेकानंद पर आधारित झांकी, योगासन एवं सभी राज्यों की विविधता शामिल थे।

इस कार्यक्रम में मातेश्वरी गंगई शिक्षा समिति के सभी सदस्य विद्यालय के प्राचार्य बलराम सिंह ठाकुर एवं आचार्य दीदियां, भैया बहन व बहुत अधिक संख्या में अभिभावकगण उपस्थित थे। राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आभार प्रदर्शन आचार्य धनऊराम पटेल ने तथा कार्यक्रम का सफल मंच संचालन लीलाराम साहू ने किया।

# केंद्र की योजनाओं से सशक्त हो रहा भारत - प्रतीक्षा भंडारी



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत तुमड़ीलेवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी मुख्य अतिथि रहीं। यहां अलग-अलग विभाग के स्टॉल लगाए गए थे, जिसके माध्यम से हितग्राहियों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को लाभ दिलाने योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया गया।

मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने सशक्त भारत का संकल्प लेकर विकास यात्रा शुरु की। पिछले 10 वर्षों में भाजपा की सरकार ने अपनी योजनाओं से सभी वर्गों को जोड़कर उन्हें लाभ पहुंचाया है। मध्यम वर्गीय, निम्न मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों को विशेष सहायताएं और संसाधन उपलब्ध करवाएं गए हैं जिससे उन्हें मदद मिल रही है। उन्होंने आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, कृषि सम्मान निधि जैसी योजनाओं का ब्यौरा देते हुए हितग्राहियों से इसका लाभ उठाने की बात कही। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित सरपंच संजय टंडन, पीआर लहरे, भागवानी पटेल, रुपालाल पटेल, लक्ष्मण साहू, मंदराजी पटेल, मिनाक्षी साहू व ग्रामवासी मौजूद थे।

# दो दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग आयोजित






राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शासकीय विद्यालय के पास दो दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का कार्यक्रम शनिवार से शुरू हुआ। शिव राम साहू परिवार द्वारा आयोजित करवाये जा रहे कार्यक्रम के शुभारंभ में संगत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संत प्रभाकर साहेब ने कहा कि जीवन में सम्मति ही सबसे बड़ी सम्पत्ति है। जिस घर में सम्मति है वहाँ सबको साथ लेकर चलते हैं।

उन्होंने कहा कि नशा वर्तमान समय की प्रमुख समस्या बन चुकी है। नशा इतना आम हो गया कि लोग मेहमान का सत्कार भी चाय, सिगरेट, शराब जैसी नशीली चीजों से करते हैं, जिस अतिथि को देव तुल्य माना जाता है उसका सत्कार जहर से करना कहाँ की बुद्धिमानी घर में फल नहीं तो जल से ही सत्कार करें लेकिन नशे से नहीं।

साहेब ने कहा कि लोगों के मन में बेटे और बेटी को लेकर भ्रम पूर्ण धारण है, बेटी को पराया धन समझ कर भेद किया जाता है जबकि बेटे का विशेष ध्यान रखा जाता है, लेकिन वास्तव में बेटी बेटे से किसी भी स्थित में कम नहीं है, बेटा एक कुल को रोशन करता है जबकि बेटी दो कुलों को रोशन करती है। इसलिए दोनों का पालन पोषण में भेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी के जीवन को संकट में डालने वाला वीर नहीं है, सच्चा वीर तो वह है जो अपने दोषों को दूर कर, जरुरत के समय दूसरों के काम आये, विवेकी वह है जो कचरे से सार निकाल ले। इस अवसर पर पिपरिया आश्रम से पधारे संत भूषण साहेब ने कहा संसार के लोग उन प्राणी पदार्थों में दिल लगाते हैं जो यहीं छूटने वाले है, प्रेम तो सत्य और परमात्मा से करना चाहिए जो इस लोक और परलोक दोनों में साथ निभाता है।

कार्यक्रम में संत गुरुबोध साहेब, सुबोध साहेब, नंदन साहेब, जितेन्द्र साहेब व साध्वी अमृता ने भी कबीर साहेब वाणी के आधार पर विचार रखे। इससे पहले संगीत कलाकारों द्वारा कबीर भजनों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही। संयोजक तामेश्वर साहू ने बताया कि रविवार को दोपहर 12 से 4 बजे तक भजन सत्संग गुरु पूजन के कार्यक्रम होंगे।

# राहुल गांधी की यात्रा कांग्रेस का अस्तित्व बचाने की यात्रा है - बिसेसर

राजनांदगांव(दावा)। भाजपा नेता बिससेर साहू ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कांग्रेस का अस्तित्व बचाने की यात्रा बताया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस ने कभी देश के साथ न्याय नहीं किया। देश के विभाजन से लेकर भ्रष्टाचार और तानाशाही तक का इतिहास कांग्रेस की देन है। उन्होंने कहा कि इससे ही तंग आकर भारत की जनता ने उन्हें इस हश्र पर ला खड़ा किया कि वे विपक्ष में दहाई के आंकड़ों में सिमट गई। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुप में देश को समर्पित जननायक मिला जिसके नेतृत्व में विकास का सूर्योदय हुआ है। आज विश्व कह रहा है, मोदी है तो मुमकिन है।

बिसेसर साहू ने कहा कि कांग्रेस राज में सिर्फ शोषण हुआ। वैश्विक स्तर पर भारत को कमजोर आंका जाता रहा और हमारी नीतियां समझौतावादी रहीं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे 9 सालों में ही बदल कर रख दिया। जिन सुधारों के लिए 70 सालों में प्रयास भी नहीं हुए थे 9 वर्षों में ही वे फलीभूत हुए और आज जनता को उसका लाभ मिल रहा है। आज विश्व का कोई भी देश भारत की ओर आंख नहीं उठा सकता। हाल ही में जब मॉलदीव राष्ट्र के नेताओं ने हमारे प्रधानमंत्री के संबंध में टिप्पणी की तो उनके ही राष्ट्र की सरकार ने उन पर कार्रवाई कर दी। उस देश ने भारत से माफी मांगी। यह मौजूदा समय में हमारे देश का वैश्विक सम्मान प्रदर्शित करता है। रुस-यूक्रेन के युद्ध में भी भारत का सकारात्मक प्रभाव साफ दिखा। वहीं कोई भारतीय हताहत नहीं हुआ। यह स्थिति रही कि भारत के झंडे लगा लेने भर से वहां लोग सुरक्षित हो जाते थे।



कांग्रेस ने कभी देश के साथ न्याय नहीं किया

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वैश्विक नेता हैं और उनका नेतृत्व सभी के लिए आदर्श है। वे भारत के निचले तबके से लेकर हर वर्ग को ऊंचा उठाने प्रयत्नशील हैं। उनकी जीवनशैली को उन्नत करने उन्होंने ढेरों योजनाएं लाई हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना सहित नवाचार के लिए मोदी सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। मूलरुप से आप कह सकते हैं कि, मोदी है तो मुमकिन है।

इन सबके विपरित-कांग्रेस ने देश को ऐसा इतिहास दिया है जहां लोग असुरक्षित और न्याय के लिए संघर्षरत ही रहे हैं। भोपाल गैस त्रासदी कैसे भूली जा सकती है। उसके मुख्य आरोपी को भागने में तत्कालीन कांग्रेस नेताओं ने मदद की थी। ईमरजेंसी लगाकर लोगों को जेल में डाल दिया गया था। बोफोर्स, कॉमनवेल्थ, जी स्पेक्ट्रम जैसे सैकड़ों घोटालों की सूत्रधार कांग्रेस रही। आतंकी हमलों से जूझता देश कभी इसका माकूल जवाब नहीं दे पाया था। आतंकियों को बिरयानी परोसी जाती थी। आज मोदी सरकार में हमारी सेना दुश्मनों को उनके घर में घुसकर जवाब देती है और अपना शौर्य दिखाती है। लोग भाजपा के साथ हैं। हालही के पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों में भी यह साफ हो चुका है। रही सही कसर लोकसभा चुनावों तक पूरी हो जाएगी। इसलिए कांग्रेस को अपनी यात्रा का नाम बदलकर अस्तित्व बचाओ यात्रा कर लेना ही उचित मालूम पड़ता है।

## दो दिवसीय मानस सम्मेलन खपराभाट में 27 जनवरी से

छुरिया (दावा)। राज्य स्तरीय दो दिवसीय मानस सम्मेलन 27 एवं 28 जनवरी को समस्त गांव वासी के सहयोग आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध मानस गायन मंडली का आगमन होना है जिसमें सभी धर्मप्रेमी रामायण की रसपान करेंगे और दो दिन तक ज्ञान गंगा में गोता लगाएंगे। आयोजक समिति के सचिव अमरनाथ साहू ने बताया कि गांव के आस-पास गांव में त्यौहार जैसा माहौल रहेगा और सभी धर्म प्रेमी बड़ी तन-मन से आयोजन को सफल बनाने आग्रह किया है।

# एबीवीपी ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

डोंगरगांव (दावा)। नगर के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने 12 जनवरी युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द जयंती मनाई, कार्यकर्ताओं शहर के गार्डन में स्थापित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और उनके बताए विचारों पर अमल करने की बात कही, स्थानीय छात्रावास में स्वामी विवेकानन्द पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बताया गया कि हम स्वामी विवेकानन्द के बताए आदर्शो का पालन करें और उनके बताए गए मार्गो का अनुशरण करें। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डोंगरगांव नगर के कार्यकर्ता नवनीत अहीर, पंकज यादव, गिरीश यादव उत्कर्ष, मनीष, विनय, संदीप, धनाजीराम, रोहित आदि कार्यकर्ता ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर एनबीआईएस में विशेष सभा का आयोजन




राजनांदगाँव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में विवेकानंद के 161वीं जन्म दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों द्वारा विवेकानन्द जी के वेशभूषा में प्रस्तुति दी गई तथा विवेकानन्द जी के विचारों की विशेष प्रस्तुति की गई

। युवा दिवस के इस अवसर पर संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में श्री बाजपेयी ने बच्चों को बताया कि क्यों विवेकानन्द जी को अध्यात्मिक गुरु कहा जाता है। विवेकानंद जी की शिक्षाएँ युवाओं का उचित मार्गदर्शन करते है जिससे युवा वर्ग अपने सपनों को पूरा करने और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते है। विवेकानंद जी ने 19 वीं शताब्दी के अंत में विश्व के मानस पटल पर हिन्दू धर्म को मजबूत पहचान दिलाई थी। कम उम्र से अध्यात्म के प्रति रुचि रखते हुए विवेकानंद जी ने सन्यासी जीवन व्यतीत किया था।

श्री बाजपेयी द्वारा अपने संबोधन में आगे कहा गया कि विवेकानंद जी के विचार से सीख लेते हुए विद्यार्थी एक अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बन कर देश की सेवा करते हुए देश को आगे बढाने में सहयोग दे सकते है। इस अवसर पर कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों द्वारा विवेकानंद जी के विचारों पर ज्ञानवर्धक नाट्य मंचन की प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने खूब सराहा। राष्ट्रीय युवा दिवस के इस अवसर पर शाला के डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, कोआर्डिनेटर अभिजित मुखर्जी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।
* किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com